Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्द में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 62 | शनिवार, 07 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर प्रदेश के विकास और सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रहे: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**लखनऊ।** पहली बार लोकतंत्र में कानून व्यवस्था किसी चुनाव में मुद्दा बनी और इसी का परिणाम है कि आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा सरकार बनायी। पुलिस विभाग ने वर्ष 2017 के बाद बिगड़े, अराजक, दंगाग्रस्त और कर्फ्यूग्रस्त राज्य को बदल करके सेफ यूपी के रूप में स्थापित किया। उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने की शुरूआत कड़ी सुरक्षा से ही होती है। विकास की पहली शर्त सुरक्षा है। इसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने साबित किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने होंडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को 50 क्यूआरटी दोपहिया वाहन प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगी। यह समारोह उसी विश्वास और सहयोग का प्रतीक है, जिसमें शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर प्रदेश के विकास और सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जब सरकार ने बड़े स्तर पर पुलिस भर्ती की प्रक्रिया शुरू की तो उस समय उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता बहुत सीमित थी। एक साथ लगभग 3000 पुलिसकर्मियों को ही प्रशिक्षण दिया जा सकता था। सरकार के सामने चुनौती थी कि लंबे समय से पुलिस भर्ती नहीं हुई थी और युवाओं में भर्ती को लेकर उत्सुकता थी, लेकिन प्रशिक्षण क्षमता सीमित होने के कारण भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना कठिन था।

किसी भी भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 9 महीने का समय लग जाता था। ऐसे में राज्य सरकार ने अन्य राज्यों से संपर्क किया। दो-तीन राज्यों ने सहयोग के लिए सहमति दी। इसके अलावा सेना और अर्द्धसैनिक बलों से भी बातचीत की गई, जिन्होंने सहयोग देने की बात कही। इन सभी प्रयासों के बाद किसी तरह प्रशिक्षण क्षमता को बढ़ाकर लगभग 17 से 20 हजार तक पहुंचाया गया। इसके बाद अन्य राज्यों तथा सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों की मदद से इसे करीब 30 हजार तक ले जाया गया, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आज प्रदेश में 60,244 पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती की गई है और इन सभी को उत्तर प्रदेश के अपने प्रशिक्षण केंद्रों में ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश में विकसित किए गए नए पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों और इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण यह संभव हो पाया है।

### हर जिले में तैनात की गईं दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष जुलाई में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू किए गए। इन कानूनों के तहत सात वर्ष से अधिक की सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक साक्ष्य अनिवार्य किए गए हैं। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, लेकिन अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इसके साथ ही प्रदेश में विश्वस्तरीय स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट भी स्थापित किया गया है, जो उत्तर प्रदेश पुलिस के अधीन संचालित हो रहा है। इस संस्थान में डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से पुलिस कर्मियों के साथ-साथ उन युवाओं को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनकी रुचि फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में है। प्रत्येक जिले में ए-ग्रेड की छह फॉरेंसिक लैब निमार्णाधीन हैं। इसके अलावा हर जिले में दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट भी तैनात की गई हैं, जो घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संग्रह और जांच में मदद कर रही हैं। प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए कई नई इकाइयों का गठन किया गया है। राज्य में स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) का गठन किया गया है और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इसके अलावा पहली बार पीएसी में महिला बटालियन का गठन किया गया है। अब तक तीन महिला बटालियन गठित की जा चुकी हैं और तीन नई बटालियनों के गठन की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है।

सुरक्षित बेटियां और व्यापारी प्रदेश और देश के विकास में ग्रोथ इंजन की भूमिका निभा रहे

### मॉडल पुलिसिंग के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का परसेप्शन चेंज करने के लिए कई कदम उठाए गए तो कुछ रिफॉर्म किये गये। इसके नतीजे हम सबके सामने हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में वर्ष 2017 में पीआरवी के वाहन 9,500 थे। आज इनकी संख्या प्रदेश में 15,500 से अधिक है। वहीं वर्ष 2017 में टू व्हीलर मात्र 3,000 थे। आज इनकी संख्या 9,200 से अधिक है। यह केवल संख्या नहीं है, इसने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम लाने में सफलता प्राप्त की है। आपातकालीन स्थिति में जितनी त्वरित कार्रवाई और सहायता पहुंचाएंगे, वही ट्रस्ट में बदलती है। वह ट्रस्ट ही ट्रांसफॉर्मेशन का कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉडल पुलिसिंग के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ बताएं हैं। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी शामिल है। वर्ष 2017 से पहले पुलिस विभाग का बजट अटकते-अटकते 16,000 करोड़ तक पहुंच पाता था और वह भी खर्च नहीं हो पाता था। वर्षों पहले जिले बने थे, लेकिन जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन भी नहीं बनी थी। ऐसे में पुलिस क्या परिणाम देती? पुलिस के पास पुराने असलहे थे, कोई सुविधा नहीं थी। उस दौरान अवस्थापना सुविधाएं जीरो थीं।। टूटे हुए बैरक में पुलिसकर्मी रहने को मजबूर थे। आज प्रदेश के 55 जिलों में सबसे ऊंची इमारत उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों की बैरक है। यहां बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही प्रदेश में लगातार मॉडल थानों और मॉडल फायर स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे पुलिस और आपदा सेवाओं को आधुनिक स्वरूप दिया जा सके।

## किसानों का जोखिम कम करने, आय बढ़ाने के लिए किये गये पहल के दिख रहे हैं परिणाम: पीएम मोदी

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने किसानों का जोखिम कम करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए जो पहल किये हैं उनके परिणाम दिख रहे हैं। श्री मोदी ने बजट के पश्चात राष्ट्रीय वेबीनार की श्रृंखला में शुक्रवार को तीसरी वेबीनार का उद्घाटन करते हुए कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान निधि मिली है। दिन भर के इस वेबीनार का विषय 'कृषि और ग्रामीण क्षेत्र' में बदलाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है। किसानों को अब तीन चौथाई कर्ज संस्थागत क्षेत्र से मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'संस्थागत क्रेडिट कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है।' उन्होंने कहा कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों के समाधान किए गए हैं।

श्री मोदी ने कहा, 'ऐसे अनेक प्रयासों से किसानों का जोखिम बहुत कम हुआ है और उन्हें एक बुनियादी आर्थिक सुरक्षा मिली है। हम फसल विविधता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन, दोनों ही कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।

उन्होंने कहा कि इस प्रगति को और आगे ले जाने के लिए हमें वैज्ञानिक प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना होगा। श्री मोदी ने कहा कि पशुधन का स्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। भारत अब टीकों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है। पशुओं को खुरपका-मुँहपका (फुट एंड माउथ) रोग से बचाने के लिए अब तक 125 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि ये टेक्नोलॉजी की सदी है, और सरकार का बहुत जोर कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी संस्कृति लाने पर भी है।

## वायु सेना के सुखोई विमान दुर्घटना में दोनों पायलटो की मौत



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**नई दिल्ली।** वायु सेना का लड़ाकू विमान सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार दोनों पायलटो की मौत हो गई है। वायु सेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार सुबह विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटो स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर की मौत हो गयी है। प्रवक्ता ने कहा कि वायु सेना दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना जोरहाट से 60 किलोमीटर दूर हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद से वायु सेना की ओर से व्यापक बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले वायु सेना ने गुरुवार देर रात बताया था कि एक सुखोई विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं पर आने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। प्रवक्ता ने कहा था कि एक सुखोई लड़ाकू विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने की सूचना मिली है। इस विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी और इससे गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर अंतिम बार संपर्क हुआ

## चुनाव से पहले ममता का विरोध प्रदर्शन, बोलीं- बंगाल के वोटरों को उनका हक दिलाकर रहूंगी

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**कोलकत्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया और कहा कि वह भाजपा-चुनाव आयोग की बंगाल के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की साजिश का पदार्फाश करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा-चुनाव आयोग की बंगाल के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की साजिश का पदार्फाश करूंगी। मैं चुनाव आयोग द्वारा मृत घोषित किए गए मतदाताओं को कोलकाता में पेश करूंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में एसआईआर के बाद मतदाता सूचियों में कथित मनमानी तरीके से नाम हटाए जाने के विरोध में धरना शुरू किया।

### बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 63.66 लाख नाम हटाए गए

28 फरवरी को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से लगभग 8.3 प्रतिशत मतदाताओं यानी 63.66 लाख नाम हटाए जा चुके हैं, जिससे मतदाता आधार लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ से थोड़ा अधिक रह गया है। इसके अलावा, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया है, जिसका अर्थ है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी।

### अभिषेक बनर्जी ने की विरोध प्रदर्शन की घोषणा

यह विरोध प्रदर्शन चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ के राज्य दौरे से ठीक दो दिन पहले हो रहा है। मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले इस धरने की घोषणा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को की। उन्होंने चुनाव आयोग पर विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले लाखों वैध मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने वाली 'राजनीतिक रूप से प्रेरित' कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। यह विरोध प्रदर्शन सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा राजनीतिक तनाव बढ़ाने का एक बड़ा संकेत है, जो चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के बाद की मतदाता सूची प्रकाशित करने के कुछ ही दिनों बाद सामने आया है। एसआईआर ने राज्य के मतदाताओं की संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

## आंध्र प्रदेश: चंद्रबाबू नायडू ने बच्चों के सोशल मीडिया पर लगाया बैन



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य में 13 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नीति अगले 90 दिनों में चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। नायडू ने यह भी कहा कि राज्य सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या यह प्रतिबंध 13 से 16 वर्ष की आयु के किशोरों पर भी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि परामर्श और नीति समीक्षा के बाद अतिरिक्त उपाय भी लागू किए जा सकते हैं।

यह घोषणा कर्नाटक सरकार द्वारा इसी तरह के कदम के कुछ ही समय बाद आई है, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई है। शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घोषणा की कि राज्य में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सिद्धारमैया ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कर्नाटक का बजट पेश करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि बच्चों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### आंध्र प्रदेश में तीसरा बच्चा पैदा करने पर मिलेंगे 25,000

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू में राज्य की संख्या बढ़ाने के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में जो भी माता-पिता दूसरे बच्चा पैदा करेंगे, सरकार उन्हें 25000 रुपये का इंसेंटिव (आर्थिक मदद) देने पर विचार कर रही है। एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के सीएम की बागडोर संभालने के बाद कहा था कि दक्षिण की आबादी घट रही है। ऐसे में हमें ज्यादा बच्चों के बारे में सोचना चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार गिरती जन्म दर को बढ़ावा देने के लिए यह बयान दिया था।



अब नायडू ने कहा कि सरकार दूसरा बच्चा करने वाले जोड़ों को आर्थिक मदद देने की दिशा में सोच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव मिला है। हम निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि अगले 90 दिनों में 13 साल से कम उम्र के बच्चों की इस तक कोई पहुंच न हो। इस बात पर चर्चा चल रही है कि यह आयु सीमा 13 साल होनी चाहिए या 16 साल। अगर सभी सहमत होते हैं, तो हम फैसला लेंगे।

इस बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य सरकार एक नई जनसंख्या प्रबंधन नीति पर विचार कर रही है जिसमें परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु वित्तीय प्रोत्साहन शामिल हैं। उन्होंने घोषणा की कि दूसरे या तीसरे बच्चे के माता-पिता को प्रसव के समय 25,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

## सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर पर गरजे अमित शाह, बोले- 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद का होगा खात्मा

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दोहराया कि सुरक्षा बल 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के अपने संकल्प को पूरा करेंगे। कटक में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए अमित शाह ने नक्सलवाद के उन्मूलन में सीआईएसएफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और सीआईएसएफ ने इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे ओडिशा हो, छत्तीसगढ़ हो या तेलंगाना, सीआईएसएफ ने नक्सलवाद के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शाह ने साफ तौर पर कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि 31 मार्च, 2026 तक यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

हमारे सुरक्षा बल तिरुपति से पशुपति तक रेड कॉरिडोर बनाने और अपना वर्चस्व स्थापित करने का सपना देखने वालों को पूरी तरह से पराजित करेंगे। अमित शाह ने देश के लिए सीआईएसएफ कर्मियों के 'वीरता और आत्मबलिदान' की सराहना करते हुए उनकी सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि 56 वर्षों में, सीआईएसएफ ने न केवल अपने मूल उद्देश्य को पूरा किया है, बल्कि हर तरह की चुनौतियों का सामना करते हुए खुद को रूपांतरित भी किया है। वीरता और बलिदान भारत के गौरवशाली इतिहास की पहचान हैं।

## संपादक की कलम से

# वाट्सऐप ग्रुप के सुप्रभात वीर



ललित शर्मा
संपादक

आज के डिजिटल युग में 'आतंकवाद' केवल सीमाओं पर नहीं होता, वह सुबह-सुबह आपके तकिए के नीचे रखे मोबाइल फोन में भी घुसपैठ करता है। इस आधुनिक आतंकवाद के सरगना हैं— 'सुप्रभात वीर'। ये वे लोग हैं जिनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य सूर्योदय से पहले आपके फोन की घंटी बजाकर आपकी आत्मा को झकझोरना और आपकी नींद का सरेआम कत्ल करना है। हमारे मोहल्ले के 'मक्खनलाल जी' इस सेना के जनरल हैं। मक्खनलाल जी को रात में नींद आए न आए, पर सुबह चार बजे उनका 'अंगूठा' खुजलाने लगता है। वे बिस्तर से पैर नीचे उतारने से पहले 'फॉरवर्ड' बटन पर अंगूठा टिका देते हैं। उनके पास ऐसे चित्रों का जखीरा है जिसमें उगते हुए सूरज के पीछे से साक्षात ब्रह्मदेव प्रकट हो रहे होते हैं, या फिर ओस की बूंदों पर कोई बेचारा कीड़ा फिसल रहा होता है, और नीचे सुनहरे अक्षरों में लिखा होता है— 'सत्य ही शिव है, और शिव ही सुंदर है... शुभ प्रभात!' मक्खनलाल जी जैसे वीरों के लिए 'सुप्रभात' भेजना कोई सामाजिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि एक 'मजहबी रस्म' है। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि सामने वाला रात को दो बजे दफ्तर से लौटा है या किसी बीमारी से लड़ रहा है। उनके लिए तो बस ग्रुप में 'नीले टिक' का सवेरा होना चाहिए। मक्खनलाल का तर्क भी बड़ा 'कुटिल' है। वे कहते हैं, 'भाई साहब, हम तो सोए हुए समाज को जगा रहे हैं!' अब उन्हें कौन समझाए कि समाज जागना चाहता है, पर सुबह साढ़े चार बजे भगवान की फोटो के साथ 'गुड मॉर्निंग' पढ़कर नहीं, बल्कि अपनी अधूरी नींद पूरी करके। इनकी कलाकारी का चरम तब दिखता है जब ये हिलते-डुलते जिफ चित्र (ऋक्र) भेजते हैं। एक ऐसा चमकता हुआ गुलाब का फूल, जो स्क्रीन पर ऐसे फड़फड़ाता है जैसे उसे अभी-अभी मिर्गी का दौरा पड़ा हो। उस फूल के ऊपर से कोई कृत्रिम तितली उड़ती हुई आती है और लिख देती है— 'आपका दिन मंगलमय हो!' उस तितली की फड़फड़ाहट देखकर नींद तो क्या, मोहल्ले के कुत्तों का भौंकना भी बंद हो जाता है। इनके ग्रुप में कुछ 'अनुगामी' भी होते हैं। जैसे ही मक्खनलाल जी का बम फटता है, नीचे से चार-पांच 'तथास्तु' छाप लोग हाथ जोड़ने वाली इमोजी की झड़ी लगा देते हैं। देखते ही देखते आपके फोन की गैलरी में साढ़े तीन सौ गुलाब के फूल, अस्सी उगते सूरज और चौदह हजार साष्टांग दंडवत करते हुए बच्चे जमा हो जाते हैं। आपका फोन 'हैंग' होने लगता है, पर मक्खनलाल जी का उत्साह 'अपडेट' होता रहता है। एक दिन मक्खनलाल जी ने हद कर दी। उन्होंने सुबह तीन बजे एक ऐसी फोटो भेजी जिसमें साक्षात यमराज भैंसे पर सवार थे और नीचे लिखा था— 'जागो! समय किसी का इंतजार नहीं करता। शुभ सवेरा!‡ पूरे ग्रुप में हड़कंप मच गया। लोगों को लगा मक्खनलाल जी को 'अंतिम बुलावा' आ गया है। मोहल्ले के तीन उत्साही लड़के टॉर्च लेकर उनके घर पहुँच गए। खिड़की से झाँका तो देखा मक्खनलाल जी खर्राटे मार रहे थे और फोन बगल में चार्जिंग पर लगा था। सुबह जब उन्हें जगाया गया और यमराज वाली फोटो दिखाई गई, तो मक्खनलाल जी ने अपनी आँखें मलते हुए बड़े दार्शनिक अंदाज में कहा— 'अरे भाई, वो तो गलती से यमराज वाली फोटो चली गई! मैं तो 'वैराग्य' पर ज्ञान देने वाला था। पर वैसे बुरा क्या है? यमराज को देखकर ही सही, कम से कम तुम लोग साढ़े तीन बजे 'ब्रह्म मुहूर्त' में बिस्तर से तो उठे! पुण्य मिलेगा सबको!' अब पूरा मोहल्ला इस सोच में है कि मक्खनलाल जी को पुण्य दिलवाया जाए या सीधे यमराज के पास 'पिकनिक' पर भेजा जाए।

## पल दो पल की है जिन्दगानी

उदय किशोर साह



कविता

पल दो पल की है ये हमारी जिन्दगानी
फिजां में घुलने दो मस्ती की रवानी
गुलशन में आ जाये तब प्रीत की बहार
गगन से बरसेगी अब मोहब्बत की फुहार

बादलों में बसायेगें एक न्ई सी प्रेम बस्ती
प्यार की होगी जहाँ सिर्फ मस्ती ही मस्ती
जला दो मोहब्बत की एक दीप हो उजाला
देखो उपर हम पे मेहरबान है उपर वाला

गम की बदबू हम तक कभी पहुँच ना पाये
प्यार प्रीत की चमन आओ हम यहाँ लगायें
रब ने बना दी है अनुपम हमारी ये। जोड़ी
बाँकी जग में है सब जैसे फुटी हो कौड़ी

ख्वाब नहीं हकीकत का हो ये अपना घराना
आँगन में आयेगी नभ से उतर प्यार नजराना
दुश्मन भी हमें देख अपनी सर झुका जाये
प्रेम रीत देख खुद प्रेम गीत वो भी गुनगुनाये

कर्म भूमि है सनम ये नीला नीला सा संसार
प्यार मोहब्बत की छुपी है हर दिल में भंडार
करना होगा प्रीतम पे हमें हर पल एतबार
पड़ोस को भी बनाना होगा गले का तब हार

प्रेम प्रीत की माटी से बनी है धरती हमारी
सबसे करना है जग में प्यार प्रेम की यारी
युद्ध से सदैव यहाँ पे जग है हर युग में हारी
मैत्री की पेड़ लगा दो जग में जग हो प्यारी


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हरियाणवी गीतों के नाम पर गंदगी का बाजार



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक




हरियाणा की मिट्टी केवल खेती-किसानी की ताकत से ही नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध लोक संस्कृति से भी पहचानी जाती है। यहाँ की चौपालों में गूँजती रागनियाँ, शादी-ब्याह के लोकगीत, खेतों में काम करती महिलाओं की सामूहिक आवाजें और तीज-त्योहारों पर गाए जाने वाले पारंपरिक गीत—ये सब मिलकर हरियाणवी समाज की सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखते आए हैं। इन गीतों में प्रेम भी था, व्यंग्य भी था, जीवन का संघर्ष भी था और सामाजिक चेतना भी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इन गीतों में मनोरंजन के साथ-साथ मयार्दा और संवेदनशीलता भी होती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हरियाणवी संगीत की दिशा तेजी से बदलती दिखाई दे रही है। आधुनिक बीट्स, तेज रफ्तार रैप, ग्लैमर और सोशल मीडिया की वायरल संस्कृति ने इस संगीत को लोकप्रिय तो बनाया है, लेकिन इसके साथ कई चिंताजनक प्रवृत्तियाँ भी उभर कर सामने आई हैं। आज हरियाणवी गीतों का एक बड़ा हिस्सा केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कई बार वह दोअर्थी शब्दों, भद्दे संकेतों और महिलाओं के अपमानजनक चित्रण का माध्यम बनता जा रहा है। यह बदलाव केवल भाषा तक सीमित नहीं है। कई गीतों के वीडियो में महिलाओं को ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जहाँ उनका अस्तित्व केवल आकर्षण या मनोरंजन की वस्तु बनकर रह जाता है। यह प्रवृत्ति न केवल संगीत की गुणवत्ता को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में स्त्री के प्रति दृष्टिकोण को भी प्रभावित कर सकती है। आज हरियाणा तेजी से बदल रहा है। यहाँ की बेटियाँ शिक्षा, खेल, प्रशासन और विज्ञान के क्षेत्र में नए मुकाम हासिल कर रही हैं। गाँवों से निकलकर देश-दुनिया में नाम रोशन कर रही इन बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि अवसर मिलने पर वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। लेकिन दूसरी ओर, लोकप्रिय संस्कृति के कुछ हिस्सों में उनका चित्रण जिस तरह से किया जा रहा है, वह चिंताजनक है। जब लोकप्रिय गीतों में महिलाओं को हल्के या दोअर्थी संदर्भों में दिखाया जाता है, तो यह केवल मनोरंजन का विषय नहीं रह जाता। यह धीरे-धीरे एक सामाजिक मानसिकता को भी जन्म देता है, जिसमें स्त्री को सम्मानित व्यक्ति के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन की वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है। हरियाणवी समाज में परिवार और सामाजिक सम्मान की अवधारणा हमेशा महत्वपूर्ण रही है। यहाँ बेटियों को घर की इज्जत माना जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि वही समाज कई बार ऐसे गीतों को भी उत्साह से सुनता है जिनमें महिलाओं के लिए इस्तेमाल की गई भाषा सम्मानजनक नहीं होती। इस पूरे परिदृश्य में सोशल मीडिया की भूमिका भी कम नहीं है। आज गीत केवल रेडियो या कैसेट तक सीमित नहीं हैं। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म ने संगीत को लाखों लोगों तक पहुँचाने का रास्ता खोल दिया है। एक गीत कुछ ही घंटों में वायरल हो सकता है और करोड़ों लोग उसे देख सकते हैं।

समस्या यह है कि इस वायरल संस्कृति में कई बार गुणवत्ता से ज्यादा सनसनी को महत्व मिलने लगता है। विवादास्पद या दोअर्थी शब्दों वाले गीत जल्दी ध्यान आकर्षित करते हैं और इसलिए कुछ निमार्ता जानबूझकर ऐसी सामग्री तैयार करते हैं जो चर्चा पैदा कर सके। लेकिन सवाल यह है कि क्या कुछ लाख व्यूज और लाइक्स के लिए समाज की संवेदनशीलता को नजरअंदाज किया जा सकता है?

हरियाणवी संस्कृति की असली पहचान उसकी सादगी, स्पष्टता और स्वाभिमान से रही है। यहाँ के लोकगीतों में हास्य होता था, लेकिन वह मर्यादित होता था। व्यंग्य होता था, लेकिन उसमें अपमान नहीं होता था। आज जब हम कई आधुनिक गीतों को देखते-सुनते हैं, तो लगता है कि संस्कृति केवल एक 'देसी पैकेज' बनकर रह गई है— जिसमें ट्रैक्टर, खेत, देसी पहनावा और गाँव का दृश्य तो दिखाया जाता है, लेकिन भाषा और भावनाओं में वह संवेदनशीलता नहीं दिखाई देती जो असली संस्कृति की पहचान होती है। संस्कृति केवल बाहरी प्रतीकों से नहीं बनती। संस्कृति का असली अर्थ समाज के मूल्यों और संवेदनाओं से होता है। यदि किसी संस्कृति को केवल बाजार और मनोरंजन का साधन बना दिया जाए, तो धीरे-धीरे उसकी गरिमा कम होने लगती है। यह मुद्दा केवल कलाकारों तक सीमित नहीं है। समाज के हर हिस्से की इसमें भूमिका है। कलाकारों को यह समझना होगा कि लोकप्रियता के साथ जिम्मेदारी भी आती है। उनके गीत लाखों युवाओं तक पहुँचते हैं और वे अनजाने में समाज की सोच को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह दर्शकों और श्रोताओं की भी जिम्मेदारी है। जब तक लोग ऐसे गीतों को उत्साह से सुनते रहेंगे, तब तक बाजार में उनकी मांग बनी रहेगी। इसलिए समाज को भी यह तय करना होगा कि वह किस तरह की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहता है। सरकार और सांस्कृतिक संस्थाओं की भूमिका भी यहाँ महत्वपूर्ण हो जाती है। रचनात्मक अभिव्यक्ति पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाना किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए उचित नहीं है। लेकिन यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि सार्वजनिक मंचों पर प्रस्तुत सामग्री में न्यूनतम सामाजिक संवेदनशीलता बनी रहे। हरियाणवी संगीत की असली ताकत उसकी लोक परंपरा में रही है। यही संगीत चौपालों से निकलकर मंचों तक पहुँचा और फिर पूरे देश में अपनी पहचान बना सका। यदि इसी संगीत को केवल सनसनी और विवाद का माध्यम बना दिया जाएगा, तो यह उसकी आत्मा के साथ अन्याय होगा।

मनोरंजन समाज का जरूरी हिस्सा है। संगीत लोगों को जोड़ता है, खुशियाँ देता है और जीवन के तनाव को कम करता है। लेकिन मनोरंजन तब तक ही सुंदर लगता है जब तक वह समाज की गरिमा और संवेदनशीलता का सम्मान करता है। हरियाणा की असली पहचान उसकी मेहनती जनता, उसकी मजबूत संस्कृति और उसकी बेटियाँ हैं। यदि संगीत सच में इस संस्कृति का प्रतिनिधित्व करना चाहता है, तो उसे इस गरिमा का सम्मान भी करना होगा।

आज जरूरत इस बात की है कि हरियाणवी संगीत केवल तेज बीट्स और वायरल वीडियो तक सीमित न रह जाए, बल्कि वह अपनी मूल पहचान—सादगी, संवेदनशीलता और सम्मान—को भी साथ लेकर चले। क्योंकि जब संस्कृति का नाम लेकर गंदगी परोसी जाने लगे, तो यह केवल संगीत का संकट नहीं होता, बल्कि समाज की सोच का भी संकट बन जाता है। और किसी भी समाज की सबसे बड़ी पहचान उसकी संस्कृति और उसकी बेटियों की गरिमा ही होती है।

# असली नायिकाएँ कहाँ हैं?



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका



समाज में सम्मान का अर्थ कभी बहुत गहरा हुआ करता था। किसी को सम्मानित करना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसके संघर्ष, श्रम और योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने का एक नैतिक दायित्व माना जाता था। सम्मान का अर्थ था समाज की ओर से यह स्वीकार करना कि किसी व्यक्ति ने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक अजीब प्रवृत्ति तेजी से उभरी है— 'नारी सम्मान' के नाम पर पुरस्कारों का बाजार।

आज ऐसा लगता है मानो हर संस्था, हर मंच और हर संगठन 'नारी शक्ति सम्मान', 'वुमन आइकन अवॉर्ड', 'वुमन लीडरशिप अवॉर्ड', 'ग्लोबल वुमन एक्सीलेंस अवॉर्ड' जैसे भव्य नामों से पुरस्कार बाँटने की होड़ में लगा है। सोशल मीडिया खोलिए तो हर दूसरे दिन किसी न किसी महिला को 'अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान' या 'राष्ट्रीय महिला रत्न' से सम्मानित किए जाने की तस्वीरें दिखाई देती हैं। मंच पर मुस्कुराते चेहरे, हाथों में चमकती ट्रॉफियाँ, और पीछे बड़े-बड़े बैनर—सब कुछ देखने में बेहद आकर्षक लगता है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे कई ऐसे सवाल छिपे हैं जिन्हें अक्सर पूछने से बचा लिया जाता है। सवाल यह नहीं कि महिलाओं को सम्मान क्यों दिया जा रहा है; सवाल यह है कि क्या ये सम्मान सचमुच सम्मान हैं, या केवल दिखावे और प्रचार का साधन बनते जा रहे हैं?

दरअसल आज 'नारी सशक्तिकरण' एक ऐसा शब्द बन गया है जिसका प्रयोग जितना ज्यादा होता है, उसका वास्तविक अर्थ उतना ही कमजोर होता जाता है। मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, भाषणों में महिलाओं की शक्ति और क्षमता का गुणगान किया जाता है, लंबी-लंबी सूची में पुरस्कार बाँटे जाते हैं, फोटो खिंचते हैं, सोशल मीडिया पोस्ट बनते हैं और अगले दिन सब कुछ सामान्य हो जाता है। इस पूरे क्रम में अक्सर वह महिला गायब रहती है जिसके जीवन में सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा जरूरत है।

भारतीय समाज में सम्मान का अर्थ केवल ट्रॉफी या प्रमाणपत्र नहीं था। किसी को सम्मानित करना उस व्यक्ति के सामाजिक योगदान को स्वीकार करना था। यह एक तरह से समाज की ओर से कहा गया धन्यवाद होता था— कि आपने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया। लेकिन जब सम्मान का उद्देश्य बदलकर प्रचार, नेटवर्किंग और व्यक्तिगत ब्रांडिंग बन जाए, तो उसका मूल्य भी धीरे-धीरे कम हो जाता है। आज कई पुरस्कार समारोह ऐसे होते हैं जिनमें वास्तविक चयन प्रक्रिया अस्पष्ट होती है। कई बार प्रतिभागियों को स्वयं नामांकन करना पड़ता है, कुछ जगहों पर नामांकन के साथ शुल्क भी लिया जाता है, और अंत में एक भव्य समारोह में लगभग सभी को सम्मानित कर दिया जाता है। ऐसे आयोजनों में सम्मान की गरिमा से ज्यादा महत्व मंच की सजावट, कैमरों की फ्लैश और सोशल मीडिया पोस्ट को दिया जाता है।

सोशल मीडिया के दौर ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। आज सम्मान केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि डिजिटल पहचान का हिस्सा बन गया है। किसी को भी कोई पुरस्कार मिलते ही उसकी तस्वीरें फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर साझा की जाती हैं। कैप्शन में लिखा जाता है— 'मुझे अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान प्राप्त हुआ।' इन पोस्टों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो सम्मान प्राप्त करना ही सशक्तिकरण का अंतिम लक्ष्य हो। धीरे-धीरे यह स्थिति बन जाती है कि सम्मान पाने की होड़ असली काम से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है।

यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि संस्थागत स्तर पर भी दिखाई देती है। कई संगठन सम्मान समारोहों को अपने प्रचार का साधन बना लेते हैं। वे बड़ी-बड़ी उपाधियाँ देते हैं, मंच पर भव्य आयोजन करते हैं और फिर उस कार्यक्रम का उपयोग अपने संगठन की पहचान बढ़ाने के लिए करते हैं। कभी-कभी तो यह स्थिति भी देखने को मिलती है कि एक ही व्यक्ति कुछ महीनों के भीतर कई अलग-अलग संस्थाओं से सम्मानित हो जाता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर इतने पुरस्कार दिए जा रहे हैं तो क्या वास्तव में समाज की मेहनती और संघर्षशील महिलाएँ सामने आ रही हैं? ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएँ हैं जो अपने परिवार, समाज और समुदाय के लिए अद्भुत काम कर रही हैं। वे स्वयं सहायता समूह चला रही हैं, गाँवों में शिक्षा का प्रचार कर रही हैं, पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रही हैं, या घरेलू हिंसा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। कई महिलाएँ सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए अथक मेहनत कर रही हैं। कई महिलाएँ समाज की बंदिशों को तोड़कर अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं।

लेकिन इन महिलाओं के पास न तो बड़े मंचों तक पहुँच होती है और न ही प्रचार का साधन। इसलिए उनका काम अक्सर गुमनाम रह जाता है। वे सम्मान की सूची में शायद ही कभी दिखाई देती हैं। इसके विपरीत, कुछ लोग बार-बार सम्मानित होते रहते हैं। कभी किसी संस्था से 'महिला शक्ति सम्मान', कभी किसी संगठन से 'महिला प्रेरणा अवॉर्ड', तो कभी किसी मंच से 'राष्ट्रीय महिला रत्न'। यह स्थिति सम्मान की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा देती है।

आज यह कहना गलत नहीं होगा कि कुछ जगहों पर 'अवार्ड इंडस्ट्री' विकसित हो चुकी है। इस उद्योग का एक तय ढाँचा होता है। पहले एक आकर्षक नाम से पुरस्कार की घोषणा की जाती है। फिर नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके बाद चयन समिति का गठन होता है, जिसकी प्रक्रिया अक्सर पारदर्शी नहीं होती। अंत में किसी बड़े होटल या सभागार में समारोह आयोजित किया जाता है, जहाँ दर्जनों लोगों को सम्मानित किया जाता है। कई बार इन आयोजनों में वास्तविक उपलब्धियों से ज्यादा महत्व संपर्क, पहचान और भुगतान को मिल जाता है। कुछ जगहों पर नामांकन या पंजीकरण शुल्क भी लिया जाता है। जब सम्मान भी एक उत्पाद की तरह बिकने लगे, तो उसकी नैतिकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

महिलाओं का सशक्तिकरण केवल पुरस्कारों से नहीं होगा। असली सशक्तिकरण तब होगा जब समाज महिलाओं को समान अवसर देगा। आज भी भारत में लाखों लड़कियाँ शिक्षा से वंचित हैं। कई महिलाएँ आर्थिक रूप से निर्भर हैं। घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव और सामाजिक दबाव जैसी समस्याएँ आज भी मौजूद हैं। अगर इन समस्याओं को दूर किए बिना केवल सम्मान बाँटे जाते रहेंगे, तो यह सशक्तिकरण का समाधान नहीं, बल्कि समस्या का सौंदर्यीकरण होगा। सम्मान तब सार्थक होता है जब वह संघर्ष की पहचान बने, न कि केवल मंच की सजावट। अगर सम्मान प्रेरणा बनता है, तो वह समाज को आगे बढ़ाता है। लेकिन अगर वह केवल प्रतिष्ठा और प्रचार का साधन बन जाए, तो वह धीरे-धीरे अपना अर्थ खो देता है। यह जिम्मेदारी केवल संस्थाओं की नहीं, बल्कि समाज की भी है। हमें यह समझना होगा कि सम्मान का मूल्य तभी है जब वह ईमानदारी और पारदर्शिता से दिया जाए। हमें यह भी देखना होगा कि जिन लोगों को सम्मान दिया जा रहा है, उनका काम वास्तव में समाज को किस तरह प्रभावित कर रहा है। अगर हम केवल चमक-दमक और बड़े नामों के आधार पर सम्मान तय करेंगे, तो वास्तविक योगदान करने वाले लोग हमेशा पीछे रह जाएँगे। नारी सम्मान का उद्देश्य महिलाओं को समाज में उनकी वास्तविक भूमिका और योगदान के लिए पहचान देना होना चाहिए। लेकिन जब सम्मान केवल फोटो, प्रमाणपत्र और सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित रह जाए, तो वह सम्मान नहीं बल्कि सम्मान का बाजार बन जाता है। महिलाओं को ट्रॉफियों से ज्यादा जरूरत है समान अवसर, सुरक्षा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन की। उन्हें ऐसे समाज की जरूरत है जहाँ उनकी मेहनत को मंच की चमक के बिना भी पहचाना जाए। क्योंकि इतिहास यह नहीं पूछता कि किसी को कितने पुरस्कार मिले थे; इतिहास यह पूछता है कि उसने समाज के लिए क्या बदला। और शायद यही सवाल आज हमें खुद से भी पूछना चाहिए—कि हम सचमुच महिलाओं को सम्मान दे रहे हैं, या केवल सम्मान का एक नया बाजार खड़ा कर रहे हैं।

# भक्ति धाम में दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग व उपकरणों का वितरण 09 मार्च को

**डॉ. गोपाल चतुवेर्दी**






**वृन्दावन।** रुक्मणि विहार, सैक्टर-1 स्थित भक्ति धाम में प्रमुख समाज सेविका श्रीमती कृष्णा देवी गोयल (धर्मपत्नी कृष्ण गोपाल गोयल) माताजी राजकुमार गोयल (कृष्णा राइस मिल्स, पातडा) की चतुर्थ पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट(रजि.) पटियाला/वृन्दावन एवं कल्याणम् करोति, मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में 09 मार्च 2026 को प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजन के समन्वयक 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने बताया है कि इस दिव्यांग सहायता शिविर में विकलांगों के लिए कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर एवं वॉकर आदि का निःशुल्क वितरण भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष के. एल. बंसल, सचिव संदीप कुमार सिंघला, कोषाध्यक्ष रामशरण गुप्ता, कल्याणम् करोति, मथुरा के सचिव सुनील शर्मा एवं प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गोयल आदि के द्वारा किया जायेगा। डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने बताया कि इस दिव्यांग सहायता शिविर में देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। शिविर का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ होगा।

# मेरठ के सदर में बिजिलेंस का छापा उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**





**मेरठ।** सदर क्षेत्र में बिजली चोरी की सूचना पर शुक्रवार की शाम को पीवीवीएनएल की बिजिलेंस टीम ने मुकरम नाम के शख्स के यहां छापा मारा। सदर के बेहद भीड़ वाले इलाके में रहने वाले मुकरम के यहां प्राइवेट गाड़ी से बिजिलेंस की टीम पहुंची। गाड़ी से उतरते ही तेजी से बिजिलेंस का स्टाफ मुकरम के मकान की ओर लपका। मकान के भीतर काफी देर तक स्टाफ मौजूद रहा। हालांकि बिजिलेंस अफसरों ने यह जानकारी नहीं दी कि वहां पर बिजली चोरी पकड़ी गयी है या नहीं। जिस वक्त छापे की कार्रवाई की जा रही थी, सदर के काफी लोग मकान के बाहर वहां जमा हो गए। उल्लेखनीय है कि इस परिवार के एक सदस्य पर पूर्व में गोवंश पर तेजाब डालकर उसको जला देने के आरोप लगे थे।

## साइबर सेल थाना दुधारा पुलिस की बड़ी सफलताः पुलिस बनकर ठगी करने वाले गिरोह से ठगी गई शत-प्रतिशत धनराशि कराई वापस

**मुहम्मद परवेज अख्तर**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन व प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविन्द शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना दुधारा की साइबर हेल्प डेस्क उ0नि0 अनिल मिश्रा (प्रभारी साइबर सेल), आरक्षी हेमन्त कुशवाहा, आरक्षी ऋषिकेश यादव, आरक्षी अनुज कुमार को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि दिनांक 16.07.2025 को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़िता को स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर फोन किया गया और उसे डरा-धमकाकर 25,700 रुपये की साइबर ठगी की गई थी। इस संबंध में पीड़िता के देवर द्वारा थाना दुधारा स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि शिकायत प्राप्त होते ही साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात आरक्षी ऋषिकेश यादव द्वारा तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए शिकायत दर्ज की गई और संबंधित बैंक व वित्तीय संस्थानों से संपर्क कर धनराशि को फ्रीज कराया गया। कड़ी मेहनत के फलस्वरूप :दिनांक 31.01.2026 को प्रथम किश्त के रूप में 6,000 रुपये पीड़िता के खाते में वापस कराए गए। शेष धनराशि की निरंतर पैरवी के बाद, शुक्रवार को ठगी गई पूरी बकाया राशि भी पीड़िता को सकुशल बरामद करा दी गई है। अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर पीड़िता और उनके परिजनों ने सन्तकबीरनगर पुलिस व साइबर टीम का आभार व्यक्त किया है।

# जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर द्वारा माह मार्च-2026 में आयोजित होने वाले भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रमों की समय सारिणी निर्धारित

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**



**बिजनौर।** जिलाधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर द्वारा माह मार्च-2026 में आयोजित होने वाले भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रमों की समय सारिणी का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत कर 07 मार्च, 2026 को प्रातः 10 से 2 अपरान्ह में सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील नगीना तथा एमडीएम कोर्ट नगीना का निरीक्षण, 10 मार्च को अपरान्ह में कार्यालय विकास खण्ड किरतपुर एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद किरतपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, किरतपुर का निरीक्षण, 17 मार्च को अपरान्ह में ग्राम मिट्ठोपुर (ब्लॉक कोतवाली) में ग्राम चौपाल के अन्तर्गत राजस्व / विकास कार्यों एवं कार्यालय विकास खण्ड कोतवाली का निरीक्षण, 20 मार्च को अपरान्ह में कार्यालय विकास खण्ड जलीलपुर एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद चान्दपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्याऊ (चान्दपुर) का निरीक्षण, 23 मार्च को अपरान्ह में ग्राम चौपाल के अन्तर्गत ग्राम कुतुबपुर (ब्लॉक नजीबाबाद) में राजस्व/विकास कार्यों एवं कार्यालय खण्ड विकास नजीबाबाद का निरीक्षण, 24 मार्च को अपरान्ह में सम्पूर्ण समाधान दिवस नजीबाबाद तहसील नजीबाबाद एवं एसडीएम कोर्ट नजीबाबाद का निरीक्षण, 24 मार्च को अपरान्ह में कार्यालय विकास खण्ड किरतपुर एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद किरतपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरतपुर का निरीक्षण, 27 मार्च, 2026 को ग्राम चौपाल के अन्तर्गत ग्राम सलावा (ब्लॉक अल्हैपुर-धामुपर) में राजस्व /विकास कार्यों एवं खण्ड विकास कार्यालय अल्हैपुर-धामपुर का निरीक्षण तथा 28 मार्च, 2026 को तहसील चान्दपुर एवं एसडीएम कोर्ट चान्दपुर का निरीक्षण किया जाएगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला स्तरीय एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपरोक्त निर्धारित समय सारणी के अनुसार अद्यतन सूचनाओं के साथ कार्यकमों में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं ढअउर को औषधि लाइसेंस देने के प्रस्ताव पर AIOCD का कड़ा विरोध

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) ने प्राथमिक कृषि साख समितियों (PACS) को फॉर्म 20अ एवं 21अ के अंतर्गत प्रतिबंधित औषधि लाइसेंस प्रदान करने के प्रस्ताव का तीव्र एवं स्पष्ट विरोध दर्ज कराया है। संगठन ने इसे जनस्वास्थ्य, रोगी सुरक्षा तथा राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया है। अक्ङउऊके राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.एस.शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा दवाएं जीवनरक्षक उत्पाद हैं इन्हें कृषि रसायनों के समान नहीं माना जा सकता। औषधि वितरण केवल प्रशिक्षित एवं पंजीकृत फार्मासिस्ट की निगरानी में ही होना चाहिए किसी भी प्रकार की शिथिलता जनस्वास्थ्य के साथ जोखिमपूर्ण प्रयोग होगा। एआईओसीडी संगठन के अनुसार ड्रग एंड कॉस्मेटिक रूल 1945 के नियम 62अ एवं 62इ ऐतिहासिक रूप से केवल अपवादस्वरूप परिस्थितियों के लिए बनाए गए थे। वर्तमान में देश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर्स एवं पंजीकृत फार्मासिस्ट उपलब्ध हैं ऐसे में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित लाइसेंस जारी करना न तो आवश्यक है और न ही औचित्यपूर्ण। AIOCD के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.एस.शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि PACS संस्थाएं मुख्यत: उर्वरक, कीटनाशक एवं कृषि रसायनों का व्यापार करती हैं। ऐसे परिसरों में दवाओं का भंडारण क्रॉस-कंटैमिनेशन और अनुचित स्टोरेज का गंभीर जोखिम पैदा करेगा यह सीधे तौर

# नालापार मजार हाफिज अली अकबर साहब रहमतुल्लाह अलैह में मुकम्मल हुआ कुरआन



**गुलजार आलम**

**रामपुर।** नालापार मोरी गेट मजार हाफिज अली अकबर सहाब ने तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। तरावीह के दौरान हाफिज मुहम्मद अकबर खान ने दो पारे रोजाना सुनाए। जबकि सामा के फराइज हाफिज मुहम्मद अलीम साहब ने अदा किए। मेहमूद खाँ के साहबजादे हाफीज मुहम्मद अकबर खान (15 ) ने कहा कि कुरान वह किताब है जिसका कोई मुतबादिल नहीं है। आल्हा ताला ने रमजान के मुबारक महीने में कुरआन मजीद नाजिल किया। दुनिया की सारी किताबों में सबसे अफजल कुरान है। माहे रमजान में कुरआन की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। इस महीने में मिस्कीन, कमजोर पड़ोसी और गरीब रिश्तेदारों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए। खुदा का भी यही पैगाम है। हम ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत करें। उन्होने कहा कि हमे रमजान में पाबंदी से रोजा रखने चाहिए।अल्लाह ने मुसलमानों को रमजान के पूरे महीने रोजे रखने का हुकुम दिया है। जो भी बगैर किसी मजबूरी जानबूझकर एक रोजा भी छोड़ दे तो वह सख्त गुनाहगार होगा। रोजा नेकी के मकान में मगफिरत का चिराग है। पाबंदी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह की अदालत में रोजदार की मगफिरत का वकील बन जाता है। लिहाजा रोजेदार किसी का दिल न दुखाएं और गरीबों की दिल खोलकर मदद करें। इस मौके पर मुन्ने खाँ, मंजू खाँ, शुऐब खाँ, मेहमूद खाँ, गुडडू खाँ, बाबर खाँ अफरीदी, सुहेल खाँ, फसहत खाँ, साजिद खाँ, मुन्तियाज अहमद, मुहम्मद फुरकन साहब, जावेद खाँ, मकसूद खाँ, मुराद खाँ, शरीफ अहमद साहब, भूरा भाई, वसीम सहाब, आदि मौजूद रहे।

# फिल्म की शूटिंग देखने पहुंचे लोग




**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** अहार में बेबसीरीज फिल्म शूटिंग में आज भी लोगों की भीड़ लगी रही। एक कर्मचारी ने बताया है कि फिल्म शूटिंग करने के लिए मुम्बई से कलाकारों की टीम आई हुई है। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम को इस वन विभाग परिसर के शीन शूट करने का काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद ऊंचागांव के किले में अन्दर फिल्म के शीन शूट किए जाएंगे। करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। करीब एक दर्जन सुरक्षा गार्ड दिन और रात में सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से शूटिंग का कार्य चल रहा है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की बेटी शिखा को यूपीएससी0में मिली 113वीं रैंक

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**




**बुलंदशहर।** नगर के भूड़ स्थित अंबेडकर नगर की बेटी शिखा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। शिखा ने अखिल भारतीय स्तर पर 113वीं रैंक प्राप्त की है। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली शिखा की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। शिखा के पिता प्रेमचंद स्याना के इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। जबकि माता देवकी देवी एक कुशल गृहणी हैं। बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। पिता प्रेमचंद ने बताया कि शिखा बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही है और उसने आज उनके संघर्षों को एक नई पहचान दी है। शिखा की प्रारंभिक शिक्षा नगर के गांधी बाल निकेतन इंटर कॉलेज में हुई जिसके बाद उन्होंने नगर के आईपी०पीजी०कॉलेज से बीएससी० में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। स्नातक के दौरान बेटी ने तय कर लिया था कि प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करनी है। अपने इसी संकल्प को पूरा करने के लिए शिखा पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रही थी। शिखा ने अपनी इस उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने अटूट विश्वास को दिया है। उन्होंने कहा कि उनका सपना था कि वे एक सिविल सेवक बनकर देश की प्रगति में अपना योगदान देना था जो अब साकार होने जा रहा है। शिखा फिलहाल दिल्ली में हैं और जल्द ही अपने घर लौटेंगी। शिखा की इस कामयाबी पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## रोडवेज बसों का संचालन रोडवेज के अंदर से ही किया जाए अवतार सिंह



**गुलजार आलम**

**रामपुर।** वीर खालसा से सेवा समिति के द्वारा रोडवेज के ए आर एम से मुलाकात की अवतार सिंह ने मांग की कि रोडवेज की बसों का संचालन रामपुर डिपो की जो की रोडवेज के बाहर सड़कों पर खड़ी होकर सवारियां भरती नियम अनुसार रोडवेज बसों का संचालन रोडवेज के अंदर से ही किया जाए पहले भी कई बार अवगत कराया गया है लेकिन रोडवेज की बसें बाहर रोड पर खड़ी होकर सवारियां बैठती जिससे जाम की व्यवस्था बनी रहती है हमारी आपसे मांग है की रोडवेज बसों का संचालन रोडवेज के अंदर से ही किया जाए ताकि सवारियों को कोई दिक्कत ना हो रोडवेज के अंदर सवारी के बैठने की अच्छी व्यवस्था है लेकिन रोडवेज की बसें बाहर रोड पर खड़ी होकर सवारियां भर्ती हैं जो की ठीक नहीं है आपको अवगत कराना है कृपया बस का संचालन रोडवेज के अंदर से ही किया जाए ए आर म के द्वारा आश्वासन दिया गया है।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जन औषधि परियोजना का रणनीतिक विकास - जगत प्रकाश नड्डा

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है। वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80झ90 प्रतिशत है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं। पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दशार्ता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है ह्लजन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथह्वयह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं। योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है जन औषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे। कठोर नियामक निरीक्षण के साथ भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं। यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं। गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से, पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है।

# कांधला की बेटी आस्था जैन ने यूपीएससी में हासिल की 9वीं रैंक, क्षेत्र का नाम किया रोशन

## तीसरे प्रयास में मिली सफलता, साधारण व्यापारी की बेटी बनी आईएएस

मोहसिन रहमानी





**कांधला।** यूपीएससी की परीक्षा में सफल होकर सामान्य परिवार की एक बेटी ने अपने परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। कस्बे के मोहल्ला सरावज्ञान निवासी आस्था जैन का चयन यूपीएससी में हुआ है। आस्था ने यूपीएससी परीक्षा में पूरे देश में 9वीं रैंक हासिल की है। चयन के बाद पूरे कस्बे में खुशी का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग उनके परिजनों को बधाई देने पहुंच रहे हैं।नगर के मोहल्ला सरावज्ञान निवासी अजय जैन एक सामान्य व्यापारी हैं। उनकी नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप कन्फेक्शनरी की दुकान है। उनके परिवार में तीन पुत्रियां और एक पुत्र हैं। उनकी दूसरी पुत्री आस्था जैन का चयन यूपीएससी परीक्षा में हुआ है। आस्था जैन ने कठिन परिश्रम के साथ पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने सेल्फ स्टडी के साथ कुछ समय दिल्ली में कोचिंग भी ली थी।आस्था जैन ने पहले प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 131वीं रैंक हासिल की थी, जिसके बाद उन्हें हैदराबाद कैडर में आईपीएस की ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। हालांकि उनका सपना आईएएस बनने का था। इसके चलते उन्होंने दोबारा प्रयास किया, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्हें 186वीं रैंक मिली। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में पूरे भारत में 9वीं रैंक हासिल कर अपना सपना पूरा कर लिया।

आस्था जैन की माता ममता जैन ने बताया कि उनकी पुत्री ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नगर में ही प्राप्त की। इसके बाद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई शामली के स्कॉटिश स्कूल से की। इंटरमीडिएट के बाद आस्था ने अपने परिवार को यूपीएससी की तैयारी करने की इच्छा बताई, जिस पर परिवार ने उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय भेजा। वहां से उन्होंने बीए की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। आस्था ने सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन माध्यम से भी पढ़ाई की तथा अपने स्तर पर किताबों का चयन कर तैयारी की।

आस्था जैन के यूपीएससी में चयन के बाद पूरे नगर में खुशी की लहर है। नगरवासी उनके पिता को बधाई देने पहुंच रहे हैं। माता-पिता के प्रोत्साहन और सेल्फ स्टडी के दम पर आस्था जैन ने यूपीएससी क्रैक कर यह उपलब्धि हासिल की है।

# भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का जगह-जगह जोरदार स्वागत

मोहसिन रहमानी



**कांधला।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप के प्रथम आगमन पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुछ दिन पूर्व रामजीलाल कश्यप को जनपद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। शुक्रवार को जनपद में उनके प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। एलम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इसके बाद नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कांधला के दिल्ली बस स्टैंड पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उनके साथ कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।इसके पश्चात जब वह शामली की ओर रवाना हुए तो गांव जसाला में पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह और उनके पुत्र मनीष चौहान ने कार्यकताओं के साथ उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। स्वागत के बाद जिला अध्यक्ष शामली के लिए रवाना हो गए।इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रमजान रहमत, बरकत और माफी का महीना- शमशेर अहमद

मु. परवेज अख्तर



**संतकबीरनगर।** रमजान माह रहमतों, बरकतो और माफी का महीना है। रमजान भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अपने नफ़्स पर नियंत्रण रखने की तालीम देना है। नमाजों की पाबंदी, कुरआन पाक की तिलावत, जिक्र व अजकार से अपनी जबानो को हमेशा तर रखें। उक्त बातें एआरसी डिग्री कॉलेज मूड़ाडिहा बेग के प्रबंधक शमशेर अहमद ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह वह पवित्र महीना है जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास मेहरबानियां करते हैं। गुनाहों को माफ करते हैं और दुआएं कबूल करते हैं। रमजान को सिर्फ.भूख और प्यास तक सीमित न रखें। बल्कि:दिलों को नाराजगी और नफरत से साफ करें। जबान को झूठ और चुगली से बचाए।

उन्होंने कहा कि रमजान को सिर्फ.भूख और प्यास तक सीमित न रखें। बल्कि:दिलों को नाराजगी और नफरत से साफ करें। जबान को झूठ और चुगली से बचाएं।आंखों को मना की गई चीजों से बचाएं। पांचों वक्त नमाजों का पालन करें। पवित्र कुरान की तिलावत पढ़ने की आदत बनाएं।

# अमेरिका-ईरान जंग के चलते पेट्रोल-डीजल की कथित कमी की अफवाहों से वाहन चालक परेशान

वेलकम इंडिया संवाददाता






**टाण्डा(रामपुर)।** अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और सप्लाई चेन पर असर की आशंका से भारत में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहें फैल गई हैं। इससे वाहन चालकों में बेचैनी बढ़ गई है।

शुक्रवार को नगर के दो पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म होने का नोटिस लगने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। जहां ईंधन उपलब्ध है, वहां लंबी कतारें लगी हुई हैं। लोग सिर्फ वाहनों में ही नहीं, बल्कि बड़ी बोतलों और कैनों में भी पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं ताकि स्टॉक कर सकें।

जानकारों और सरकारी सूत्रों का कहना है कि फिलहाल स्थानीय बाजार पर युद्ध का कोई सीधा असर नहीं पड़ा है। पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है और देश में पर्याप्त भंडार मौजूद है। लोग महज अफवाहों के आधार पर पैनिक खरीदारी कर रहे हैं, जिससे आम ग्राहकों को परेशानी हो रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण किया जाए और जानबूझकर स्टॉक छिपाने या ग्राहकों को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# प्लाट पर कब्जा करने को गाली गलौज कर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज




वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुगरासी।** कस्बे में बोम्बे टावर के पास प्लाट पर कब्जा करने आये 5 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज। जानकारी के अनुसार कस्बा स्याना निवासी लोकेश शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 5 नामजद व कुछ अज्ञातों ने मेरे बुगरासी बोम्बे टावर के पास स्थित प्लांट पर बलपूर्वक कब्जा करने को कोशिश की जिसमे वहां रखा सामान कुर्सियां आदि उठाकर फेंक दी और धमकी देते हुए चले गये। एसएचओ नरसेना ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पांचों नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई कर कानून के होने का एहसास दिला दिया जायेगा।

# नंगली किठौर की डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी को मिली 659 नई पुस्तकें



जाकिर तुर्क

**मेरठ।** विकास खंड माछरा की ग्राम पंचायत नंगली किठौर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी को मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती नूपुर गोयल और जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने 659 नई पुस्तकें समर्पित कीं। नई पुस्तकों के जुड़ने से यहां अध्ययन करने वाले युवाओं और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में और अधिक सुविधा मिलेगी। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में गांव के कई सम्मानित बुजुर्गों और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी भाग लिया। सेवानिवृत्त शिक्षक कमल दास, सेवानिवृत्त दरोगा ज्ञान सिंह, राजेश, प्रहलाद सिंह, हकीम जी, बालेश्वर, अशोक ठाकुर, चौधरी आरिफ, महफूज अली, विनय प्रधान, वीरपाल सिंह और बुद्ध प्रकाश ने विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

लाइब्रेरी में एनसीईआरटी की अध्ययन सामग्री, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित पुस्तकें, इतिहास, भूगोल, साहित्य, उपन्यास तथा महापुरुषों की जीवनियों सहित बाल साहित्य की पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं। इससे विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर विविध विषयों की उपयोगी सामग्री मिल सकेगी। ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में स्थित यह लाइब्रेरी 24 घंटे संचालित रहती है, जहां नंगली किठौर के साथ-साथ आसपास के कई गांवों के विद्यार्थी भी आकर पढ़ाई करते हैं।

# होली मिलन समारोह में भाईचारे का संदेश




मयूर खान

**आगरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सहायता संघ की ओर से गांव धिमश्री स्थित खाटूश्याम गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों और गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सोनू पंडित हाट वालों ने कहा कि होली ऐसा पर्व है जो वर्षों पुरानी दुश्मनी को भी खत्म कर देता है। इस दिन लोग गले मिलकर आपसी मनमुटाव भुला देते हैं और समाज में प्रेम व सौहार्द का वातावरण बनता है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सदियों से भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाता रहा है। उन्होंने पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज और देश के निर्माण में पत्रकारों की अहम भूमिका होती है। सतयुग, त्रेतायुग और द्वापर युग में नारद मुनि भी संदेशवाहक के रूप में पत्रकारिता की भूमिका निभाते थे। चाहे देश की आजादी की लड़ाई हो या समाज से जुड़े अन्य मुद्दे, हर दौर में पत्रकारों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया खत्री हितकारिणी सभा का होली मिलन समारोह

संतोष कुमार सिंह






**वाराणसी।** खत्री हितकारिणी सभा वाराणसी द्वारा आयोजित खत्री रंगोत्सव 2026 का रंगारंग कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह मलदहिया स्थित लाजपत नगर में धूमधाम से मनाया गया। संरक्षक मण्डल मुकुंद लाल टंडन,तारा चन्द मेहरोत्रा,डॉ अनुराग टंडन,डॉ अश्वनी टंडन की उपस्थिति में कार्यक्रम में दुबई से आए लोकप्रिय गायक गुरदीप सिंह ने अपने संगीत मस्ती और रंगों के बौछार के साथ पंजाबी हिंदी गानों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम के चित्र पर मुख्य अतिथि पदमश्री पुरस्कार से सम्मानित मंगला कपूर द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। खत्री हितकारिणी सभा के अध्यक्ष दीपक बहल द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में इस कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुकों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि इस तरह के समारोहों से समाज मजबूत होता है संगठित होता है और लोगों को अपने विचार प्रकट करने का उचित मौका मिलता है। गुलाल टोपी एवं महिलाओं को मोतियों की माला से स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक मंत्री गोपाल जी सेठ उपाध्यक्ष मुकेश कक्कड़, कोषाध्यक्ष विनीत मेहरा एवं संगठन मंत्री सुदीप टंडन ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक

मोहसिन रहमानी



**कांधला।** कस्बे के बिजलीघर मार्ग निवासी एक युवक की ट्रैक्टर पलटने से दबकर दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को परिजनों व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

थाना क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग निवासी अतहर का 25 वर्षीय पुत्र आमीर गुरुवार की रात अपना ट्रैक्टर लेकर किसी कार्य से गांव भारसी के पास गया हुआ था।

बताया जा रहा है कि इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक आमीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। शुक्रवार को गमगीन माहौल में परिजनों व क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में आमीर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। युवक की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं दूसरी ओर शिवाला मार्ग निवासी हारुन का भी आकस्मिक निधन हो गया। एक ही समय में कब्रिस्तान में दो जनाजे पहुंचे, जहां सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में दोनों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# पालिका के 17 सभासदों ने एसडीएम और ईओ को दिया ज्ञापन

**शिकारपुर(वेलकम इंडिया)।** नगर पालिका के सभासदों ने शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी तथा उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के माध्यम से पालिका द्वारा नगर में कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने की मांग की गई थी लेकिन शुक्रवार तक पूर्व में हुए विकास कार्यों का ब्योरा पालिका द्वारा सभासदों को नहीं दिया गया तो 17 वार्ड सभासदों द्वारा फरवरी माह में होने वाली बोर्ड बैठक का बहिष्कार किया गया था क्योंकि सदस्यगणों ने बोर्ड बैठक में अनुमोदित बजट में प्रस्ताव की प्रतिलिपि बोर्ड बैठक से पूर्व मांगी थी। लेकिन पालिका द्वारा बजट को गोपनीय दस्तावेज बताकर टाल दिया गया था। लेकिन पालिका द्वारा स्पष्टीकरण सदस्यों को अभी तक प्राप्त नहीं कराया गया है।

# माहे रमजान के तीसरे जुम्मे पर अदा की गई नमाज, देश में अमन-चैन की मांगी दुआ

मोहसिन रहमानी



**कांधला।** माहे रमजान के तीसरे जुम्मे के अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्र की मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर जुम्मे की नमाज अदा की। इस दौरान मस्जिदों में सुबह से ही इबादत का माहौल देखने को मिला और नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज अदा करने के बाद अकिदतमंदो ने हाथ उठाकर देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी ।जुम्मे की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान के पाक महीने की मुबारकबाद दी। वहीं इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के विधायक प्रसन्न चौधरी भी नगर की मस्जिदों के बाहर पहुंचे और नमाज अदा कर बाहर निकल रहे लोगों से मुलाकात कर उन्हें आगामी ईद-उल-फितर की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि रमजान का महीना आपसी भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संदेश देता है, जिसे सभी को मिलकर आगे बढ़ाना चाहिए।

# जनगणना-2027 से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मुहम्मद परवेज अख्तर

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 से संबंधित समस्त डिजिटल टूल्स एवं जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित जिला स्तरीय एवं चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आज प्रथम दिवस पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना निदेशालय से उप निदेशक जनगणना/मंडल प्रभारी संजय कुमार, जिला प्रभारी, जनगणना सुजीत कुमार श्रीवास्तव एवं नागेन्द्र यादव द्वारा समस्त चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त चार्ज अधिकारियों को जनगणना-2027 को सफलता पूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक अधिकारियों द्वारा जनपद में जनगणना किए जाने से संबंधित समस्त बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना-2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना (एचएलओ) तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या और जाति की गणना की जाएगी।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी हरिकेश यादव, उपायुक्त मनरेगा प्रभात द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ0 सुनील कुमार, अपर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा, तहसीलदार मेहदावल अल्पिका वर्मा, तहसीलदार धनघटा, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, खंड शिक्षा अधिकारी, राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# होली के दिन मेडिकल छात्र की हुई मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** धर्मसिंहवा निवासी एक मेडिकल छात्र की होली के दिन एक सड़क हादसे में मौ/त हो गई। 26 वर्षीय आकाश पाण्डेय को एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही जान चली गई। आकाश पाण्डेय धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के बरगदवां गांव निवासी देवेंद्र पाण्डेय के पुत्र थे। आकाश गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र थे। वह पढ़ाई में मेधावी थे और अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनके पिता देवेंद्र नाथ पांडेय की टेंट की दुकान है, और मां लीलावती देवी गृहिणी हैं। मां लीलावती रोती बिखलती ईश्वर से एक बात पूछ रही है कि ईश्वर ने उसे किन कर्मों की सजा दी। बेटे की मौत ने मां लीलावती को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। माता-पिता ने मिलकर सपना संजोया था कि अपने बेटे को डाक्टर बनाएंगे, लेकिन विधाता को यह सब मंजूर नहीं था कि पल भर में सपनों का वह महल तहस-नहस कर दिया। अस्पताल खोल कर गरीबों का इलाज करना चाहता था आकाश मृतक के पिता देवेन्द्र और माता लीलावती का रो-रो कर बुरा हाल है। एक ही बात कह रहे हैं कि हे ईश्वर बेटा मां-बाप के बुढ़ापे का सहारा होता है और अंतिम क्षणों में उनकी अर्थी को कंधा देता है, लेकिन समय की कैसी विडंबना है कि अपने जवान बेटे की अर्थी को बुजुर्ग मां-बाप को कंधा देकर उसको विदा करना पड़ रहा है। शायद उनके भाग्य में यह दिन देखना लिखा होगा। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतक आकाश तीन बहनों में दूसरे स्थान पर रहा। तीन बहनों की शादी हो गई है। आकाश डाक्टर बनकर माता - पिता की सेवा के साथ साथ जनता का भी सेवा करना चाहता था, दोस्तों के अनुसार उसकी इच्छा थी।



## थाना मेंहदावल पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार अपहृता बरामद

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया )।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मेंहदावल उ0नि0 आजम अंसारी, का0 राहुल यादव ने मु0अ0सं0 68/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता शिवपाल यादव उर्फ गोलू पुत्र श्याम यादव निवासी नोनिया छापर थाना भटनी जिला देवरिया को मेंहदावल रोड़वेज के पास गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि वादी द्वारा दिनाँक 28.02.2026 को थाना मेंहदावल पर वादी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनाँक 06.03.2026 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया तथा अपहृता को बरामद किया गया।

## जनपद में डीजल/ पेट्रोल की कोई कमी नहीं - राजीव कुमार

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया)।** जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार ने जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल पम्प मालिकों को सूचित किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार के डीजल/पेट्रोल की कोई कमी नहीं है तथा सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने पम्प पर आने वाले ग्राहकों को किसी भी प्रकार के बोतल / पीपा / ड्रम आदि में डीजल /पेट्रोल की निकासी कदापि न दें एवं कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की कोई अफवाह फैलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने जनपद के समस्त विक्रय अधिकारी ( IOCLBPCL, HPCL & NAYRA ) से अपेक्षा है कि अपने स्तर से जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल पम्प मलिकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उपरोक्त का अनुपालन कड़ाई के साथ सुनिश्चत करते हुए प्रतिदिन डीजल/पेट्रोल की बिक्री की सूचना ई–मेल/वाट्सऐप के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

## पीआरवी 6893 ने अज्ञात वाहन से मोटरसाईकिल सवार को टक्कर हो जाने के कारण दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति भेजवाया अस्पताल

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया )।** पीआरवी 6893 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत चकदही पल के पास से कालर द्वारा अज्ञात वाहन और मोटरसाईकिल द्वारा आपस में टक्कर हो जाने के कारण दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति विशाल पुत्र अमरनाथ निवासी सिरमोहनी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 108 एम्बूलेंस की सहायता से ही ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में कोतवाली खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मी मु0का0 अजीत कुमार यादव, का0 लल्लन पासवान, हो0चा0 राकेश पाण्डेय की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 108 एम्बूलेंस की सहायता ईलाज हेतु अस्पताल पहुँचाया गया।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 49 वाहनों से 49,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया )।** शुक्रवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 49 वाहनों से 49,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

# हत्या की घटना में वांछित बदमाश के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस की हुई मुठभेड़





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक शुक्रवार की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम संतपुरा बम्बें पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया, नही रुका तथा बदमाश पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल को तेजी से मोड़कर सिरोधन की तरफ भागने का प्रयास करने लगा।

पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया तो रिटौली की तरफ कच्चे रास्ते पर बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया।

*गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान दीपक पुत्र किशनपाल निवासी ग्राम जौली थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर के रुप में हुई हैं।

घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध पिस्टल( घटना में प्रयुक्त ), कारतूस व 01 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश द्वारा दिनांक 04.03.2026 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी थी। इस सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर दिनांक 04.03.2026 को मु असं-214/26 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। सीओ भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया है कि अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## विपिन राजौरा ने मारी बाजी, यूपीएससी में 538वीं रैंक हासिल कर किया नाम रोशन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** एक पंक्ति है कि 'हौसलों के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रख, हार जाए चाहे जिंदगी में सब कुछ, मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रख।' जहांगीराबाद के निकटवर्ती गाँव डूंगरा जाट के निवासी विपिन राजौरा पुत्र राजेन्द्र चौधरी ने इन पंक्तियों को सच कर दिखाया है। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणामों में विपिन राजौरा ने ऑल इंडिया 538वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। बता दें कि विपिन राजौरा जहांगीराबाद के निकटतम गांव डूंगरा जाट निवासी राजेंद्र चौधरी के सुपुत्र हैं। उनका एक साधारण कृषि ग्रामीण परिवेश से निकलकर देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पाना उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। परिणाम घोषित होते ही जैसे ही विपिन के चयन की खबर गाँव डूंगरा जाट पहुँची तो वहाँ जश्न का माहौल बन गया। विपिन की इस अभूतपूर्व सफलता पर उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने विपिन और उनके पिता राजेंद्र चौधरी को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। विपिन की यह सफलता क्षेत्र के उन तमाम युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं।

# सशक्त काव्य साधिका आशमा कौल को मिला 'दरियाव मल्ल सम्मान'



डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली।** बीएमएन सेवा संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित भव्य समारोह में वरिष्ठ लेखिका एवं साहित्यकार आशमा कौल को हिंदी साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'दरियाव मल्ल सम्मान' से अलंकृत किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कांत (निदेशक, राष्ट्र धर्म पत्रिका एवं क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख, आरएसएस), पवन सिंह (सदस्य, विधान परिषद), कामेश्वर सिंह (अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा) तथा प्रकाश गुप्ता (आईएएस) उपस्थित रहे। अतिथियों ने आशमा कौल (फरीदाबाद ) को उनकी सशक्त काव्य साधना और साहित्य के प्रति निरंतर समर्पण के लिए सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आशमा कौल की लेखनी मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक यथार्थ और आत्मिक अनुभूतियों को अत्यंत प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करती है।

## अपराधी को 2 वर्ष की सजा, 5 हजार रुपये का जुमार्ना

**बुलंदशहर( वेलकम इंडिया)।** विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने दोषी अभियुक्त को दो वर्ष के कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश अष्टम (विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट) चंद्रविजय श्रीनेत की अदालत ने सुनाया। विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त अजयराज उर्फ राजा, पुत्र हरेंद्र, निवासी ग्राम कलंजरी, थाना जानी, जिला मेरठ, ने अपने साथी विजयवीर के साथ मिलकर एक अवैध सक्रिय गिरोह बना रखा था, जिसका नेतृत्व स्वयं अजयराज करता था। यह गिरोह आर्थिक और भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से लूटपाट, जानलेवा हमले तथा षड्यंत्र रचकर हत्या जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता था। अभियोजन के अनुसार, गिरोह के आतंक के कारण क्षेत्र में भय का माहौल बना रहता था और लोग इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने या गवाही देने से डरते थे। गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी बीबीनगर ने 28 जुलाई 2010 को गैंग चार्ट तैयार किया था।

# अज्ञात वाहन ने होमगार्डों की बाइक में मारी टक्कर दोनों घायल

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव चरौरा बिजली घर के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने एक बाइक द्वारा दो होमगार्ड ड्यूटी के बाद घर लौटते समय टक्कर मारकर घायल कर दिया और अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस जांच में जुटी। अहार थाने में दोनों होमगार्ड ड्यूटी कर रहे थे वृहस्पतिवार को दोपहर बारह बजे से देर शाम आठ बजे तक पोटा नहर पुल पर ड्यूटी करने के बाद जहांगीराबाद को बाइक द्वारा जा रहे थे।

जैसे ही चरौरा बिजली घर के पास पहुंचे तभी जहांगीराबाद की ओर से तेज गति आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।





पुलिस ने घायलों को अस्पताल में जहांगीराबाद में भर्ती कराया। होमगार्ड दिनेश राघव को गम्भीर स्थिति में चिकित्सकों ने बुलंदशहर के लिए रेफर कर दिया।

वहां से उसे हायर मेडिकल सेंटर मेरठ के लिए भेज दिया। वहीं के अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरे होमगार्ड रिंकू कुमार लोधी को जहांगीराबाद अस्पताल से चिकित्सकों ने छुट्टी देकर घर भेज दिया गया है। अहार पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई हैं।

# दादा जिनदत्त सूरी दादावाड़ी में हुआ पोस्टर विमोचन, श्री दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ आज



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बाड़मेर राजस्थान।** स्वर्ण नगरी जैसलमेर में चल रहे त्रि-दिवसीय ऐतिहासिक चादर महोत्सव के दूसरे दिन 07 मार्च को वैश्विक स्तर पर होने वाले दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ को लेकर थार नगरी, बाड़मेर में 45 स्थानों पर 10 हजार से अधिक लोग भाग लेंगें। जिस कड़ी में शुक्रवार को बाड़मेर की सबसे प्राचीन दादावाड़ी श्री जिनदत्त सूरी दादावाड़ी खागल्ल मोहल्ला में पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि श्री दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ को ऐतिहासिक व भव्य बनाने को लेकर थार नगरी, बाड़मेर में तकरीबबन 45 स्थानों पर आयोजन करवाया जायेगा। जिस कड़ी में शुक्रवार को श्री जिनदत्त सूरी दादावाड़ी खागल्ल मोहल्ला में श्री आदिनाथ ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष बुधरचन्द भंसाली व श्री जिनकुशल भक्ति मण्डल के अध्यक्ष पुखराज लूणिया की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन हुआ।

# सौ दुकानों से हटाया अतिक्रमण, सामान भी किया जब्त

## निगम ने प्रताप नगर, पक्का बाग व मण्डी समिति रोड पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

वेलकम इंडिया संवाददाता

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने आज विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। करीब सौ दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटवाया और दस दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया। सड़क पर रखे बोर्ड व कुछ अन्य सामान भी जब्त कर निगम लाया गया।

शहर के प्रताप नगर (रायवाला), मण्डी समिति रोड व जेबीएस कॉलेज से पक्का बाग तक सड़कों पर अतिक्रमण करने सम्बंधी शिकायत कुछ लोगों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी थी। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर






निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने उक्त मार्गो पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए करीब एक सौ दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाया और उन्हें चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ ही भारी जुमार्ना लगाया जायेगा। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि दस दुकानदारों पर कुल 5400 रुपये जुमार्ना भी लगाया गया। कुछ दुकानदारों ने जुमार्ना देने में आनाकानी की तो उनका सामान जब्त कर निगम के वाहनों में भरकर निगम लाया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान दो मेज, दो बैंच और सड़क पर रखे एक दर्जन बोर्ड व होर्डिंग जब्त किये गए। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल की पूरी टीम मौजूद रही।

# एलईडी वैन से जनपद में 'श्री अन्न' का प्रचार, किसानों और लोगों को किया जागरूक

विजय द्विवेदी



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा शहरों, कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन के माध्यम से 'श्री अन्न' के प्रचार-प्रसार का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों और आम जनमानस को पोषक तत्वों से भरपूर श्री अन्न की खेती और उसके लाभों के प्रति जागरूक करना है। प्रदेश सरकार द्वारा श्री अन्न (बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा आदि) को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। एलईडी वैन जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जाकर श्री अन्न के महत्व पर आधारित लघु फिल्म, गीत, विज्ञापन और डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान कर रही है। श्री अन्न को सुपर फूड भी कहा जाता है।

स्वास्थ्य की दृष्टि से यह कैल्शियम, आयरन और फाइबर से भरपूर होता है तथा मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों से लड़ने में सहायक है। श्री अन्न की खेती के लिए बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है और यह प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी आसानी से उगाया जा सकता है। इसकी खेती में लागत भी कम आती है, क्योंकि इसमें पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता कम होती है। विश्व स्तर पर श्री अन्न की बढ़ती मांग के कारण किसानों को इससे अच्छा लाभ भी प्राप्त हो रहा है। कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कई प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिनमें मिलेट्स बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर अनुदान, मोबाइल आउटलेट पर अनुदान, मिलेट्स स्टोर पर अनुदान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता तथा प्रेरणा कैंटीन पर अनुदान शामिल हैं।

जनपद में कृषि विभाग प्रतापगढ़ द्वारा एलईडी वाहन का संचालन प्रारंभ किए जाने के उपरांत उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इसके बाद विकास खंड मानधाता के ग्राम रामपुर मुस्तर्का तथा विकास खंड लक्ष्मणपुर के जेठवारा बाजार में एलईडी वाहन के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने एलईडी पर प्रसारित लोकगीतों और चलचित्रों के माध्यम से श्री अन्न के महत्व की जानकारी प्राप्त की और कार्यक्रम का आनंद लिया।

# श्री वार्ष्णेय युवा सभा का चतुर्थ क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ



वेलकम इंडिया संवाददाता


**डिबाई(बुलंदशहर)।** श्री वार्ष्णेय युवा सभा द्वारा चतुर्थ क्रिकेट टूर्नामेंट नुमाइश मैदान डिबाई में आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ अमित पापा ने फीता काटकर व बल्लेबाजी करके किया। टूर्नामेंट में दो टीमों ने हिस्सा लिया ए.एस.जी. क्रिकेट क्लब और श्रीजी क्रिकेट क्लब के बीच हुआ जिसमें श्रीजी क्रिकेट क्लब ने जीता।

जिसमें मिलन वार्ष्णेय तार वाले मैन ऑफ द मैच चुने गये। दूसरा मैच वार्ष्णेय फ्लेक्स सुपर किंग्स और मयूर क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक मैच हुआ जिसमें मयूर क्रिकेट क्लब ने जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विनीत वार्ष्णेय चुने गये। मयूर क्रिकेट क्लब के कप्तान वीरेन्द्र वार्ष्णेय अट्टे ने बताया कि पूरी टीम एकजुट होकर खेली जिसका परिणाम हम विजयी हुए।

खेल मंत्री अमित वार्ष्णेय ने बताया कि इस टूर्नामेंट को वार्ष्णेय युवा सभा पिछले चार वर्षों से करा रही है।

# बीमारी के चलते पति ने पत्नी को घर से निकाला, इलाज के दौरान मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**छतारी।** थाना क्षेत्र के गांव सालाबाद निवासी चन्द्रपाल सिंह की पुत्री बबीता (35) की लंबी बीमारी के चलते इलाज के दौरान मौत हो गई हैं। मृतिका के पिता और भाई ने बताया कि बबीता की शादी लगभग 14 साल पहले श्रीकृष्ण पुत्र चेतन स्वरूप निवासी छपरौला गाजियाबाद में हुई थी। जिसके पास एक पुत्री दिव्यांशी (10) और पुत्र प्रशांत कुमार (8) है। शादी के दो-तीन सालबाद से ही बबीता के ससुरालजनों के द्वारा मृतिका को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। जिसके बाद से वह काफी बीमार रहने लगीं। बीमारी के चलते मेरठ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान ससुरालजन और मृतिका का पति अस्पताल में ही छोड़कर चले गए। जिसका इलाज मृतिका के पिता ही करा रहे थे। मृत्यु के दो-तीन पहले ही ज्यादा हालात खराब होने के कारण पहले एक बुलंदशहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने गम्भीर बीमारी बताते हुए कहीं अन्य अस्पताल ले जाने की बात कहकर छुट्टी कर दी। जिसके बाद मृतिका के पिता ने अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# क्रैक साइबर क्राइम अभियान: ठगी के शिकार पीड़ित को 28,921 रुपये लौटाए

मुहम्मद परवेज अख्तर

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के क्रम में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जयप्रकाश चौबे, हेका मोहम्मद हिन्दे आजाद, का रामप्रवेश मद्देशिया, का धीरेन्द्र कुमार प्रसाद, म का अमृता सिंह, म का हिना गौड़ ने सतत प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 28 हजार 921 रुपये की धनराशि उनके खातों में वापस कराई गयी।




वादी रमेश चन्द्र पुत्र रामप्यारे निवासी धरैची थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर पुत्री शिवांगी चौधरी को अज्ञात नम्बर के काल आया तथा अपने को साइबर अधिकारी बताते हुए कि आप अपने मोबाइल में गंदे विडियो व फोटो देखती है, इतना पैसा भेज दिजिए नहीं तो आपको गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वादी की पुत्री डर गयी और 48,500 रुपए क्यूआर कोड के माध्यम से ट्रान्सफर कर दिया गया। तत्पश्चात वादी द्वारा ल्लू१स्त्र पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज किया गया। जिसके उपरान्त तत्काल कार्यवाही करते हुए 40,800 रुपए की धनराशि होल्ड कराई गयी। जिसमे से आज दिनांक 06.03.2026 को 28,921 रुपए आवेदक के खाते में वापस करा दिया गया।

शेष धनराशि रिफन्ड करने हेतु सम्बन्धित बैंक को मा न्यायालय के आदेश की प्रति भेजी गयी है। जनपदीय पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, कॉल या संदेश पर अपनी बैंक जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या यूपीआई पिन साझा न करें, सावधानी ही सुरक्षा है।

# अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत दो घायल

वेलकम इंडिया संवाददाता



**रामघाट(बुलंदशहर)।** थाना रामघाट क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनको अलीगढ़ मेडिकल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

आपको बता दें थाना रामघाट क्षेत्र के धारकपुर रजवाहे पर फौजी चौराहे की तरह से एक बाइक पर सवार होकर 17 वर्षीय नरवेश पुत्र जुगेंद्र सिंह यादव व 20 वर्षीय हेमंत पुत्र भानुप्रकाश निवासी जरगवां थाना रामघाट बेलौन की तरफ जा रहे थे राजवीर शर्मा के बाग केपास बेलौन की तरह से बाइक पर सवार होकर आ रहे 28 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र जगवीर सिंह निवासी नगला गर्वी की बाइक आमने-सामने से दोनों बाइक भिड़ंत में सुनील कुमार की मृत्यु हो गई तथा नरवेश व हेमंत गंभीर से घायल हो गए जिनको अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में रैफर कर दिया है मृतक सुनील कुमार के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# काशी बिस्कुट एवं कन्फेक्शनरी व्यापार मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

## व्यापारियों ने एक दूसरे को लगाया अबीर गुलाल दी होली की शुभकामनाएं



संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** काशी बिस्कुट एवं कन्फेक्शनरी व्यापार मंडल द्वारा शुक्रवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन महमूरगंज स्थित चौरसिया लॉन में किया गया। समारोह में व्यापारियों ने आपसी सौहार्द और उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविंद्र जायसवाल रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शशांक शेखर त्रिपाठी (उपाध्यक्ष, बनारस बार एसोसिएशन), के.के.उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने किया। इस अवसर पर अतिथियों का गुलाब की पंखुड़ियो से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया गया। समारोह में विकास दीप्तिमान (प्रभाकर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष एवं जवाहर नगर अध्यक्ष), कविंद्र जायसवाल, रमेश निरंकारी (महामंत्री), सुशील, संजय, राजेश, राजीव, ताहिद, अरविंद, प्रिया अग्रवाल (युवा अध्यक्ष), जय निहलानी (युवा महामंत्री), मनीष गुप्ता विश्वनाथ दुबे के.के.द्विवेदी दुर्गा मंदिर के महंत जय प्रकाश, शाहिद, कुलदीप, रंजीता, हुमा बानो सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# भाकियू अन्नदाता के प्रदेश अध्यक्ष बने राहुल वाल्मीकि



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा द्वारा राहुल वाल्मीकि शिकारपुर को भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता का एससी/एसटी का प्रदेश अध्यक्ष किया मनोनीत। भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा प्रदेश मंत्री मुकेश गर्ग रामचंद्र प्रजापति तथा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा राहुल वाल्मीकि शिकारपुर को भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता अनुसूचित जाति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस मौके पर नरेंद्र सिंह गंगा प्रसाद भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस शाखा शिकारपुर के नगर अध्यक्ष नितिन दीपक टॉक दीपक चौहान विशाल रोहित अमरदीप, अरुण कुमार आकाश संदीप आशीष श्रीकांत आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक का महिला थाना में औचक निरीक्षण, कमियां दूर करने के दिए निर्देश

## निर्माण सामग्री की गुणवता की जांच के साथ निर्माणाधीन कार्य का लिया गया जायजा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों को दूर करने हेतु, आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही साथ बैरक, कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के दृष्टिगत संबंधित को फटकार लगाई और इन्हें अद्यतन रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यालय एवं थाना परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए



तथा नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि आम जनता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में साफ-सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्या, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक पी0के0 गुप्ता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हरे पेड चोरी करने के 05 आरोपियों को न्यायालय उठने तक व 1200-1200/- रुपये के अर्थदण्ड की सुनाई सजा

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र रघुराज बालक राम पुत्र रमेश निवासीगण ग्राम मान करौरा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर विजयपाल पुत्र रविकरन 4. समय सिंह पुत्र जीराम सिंह निवासी ग्राम रौंडा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर लोकपाल पुत्र निरौती सिंह निवासी ग्राम शेखपुर रौरा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष–2004 में नीम के हरे पेड चोरी कर बेचते व ख़रीदते समय पकडे गये थे। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 14.01.2004 को थाना जहांगीराबाद पर मुअसं– 10/2004 धारा 379,411 भादवि व 33 वन संरक्षण अधिनियम पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 25.01.2004 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# घर में घुसकर युवक पर चाकू से हमला, हाथ पर लगी चोट

**खानपुर(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव प्याना कलां में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव प्याना कलां निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पोता मयंक शर्मा घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव का ही कान्ता पुत्र विनोद कुमार उनके घर में घुस आया और पुरानी रंजिश को लेकर मयंक पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि उसने मयंक के पेट में चाकू मारने की कोशिश की। बताया गया कि मयंक ने खुद को बचाने का प्रयास किया तो चाकू उसके हाथ में लग गया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़ित पक्ष ने थाना में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट फौजी गंभीर रूप से हुआ घायल जिला अस्पताल में कराया भर्ती

वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफावाद डडुआ में जमीनी विवाद को लेकर चले लाठी डंडे और धारदार हथियार। फौजी के साथ मारपीट की गई तथा घायल फौजी को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद डडुआ में शुक्रवार को फौजी लेखपाल सिंह पुत्र वेदपाल सिंह अपने खेतों पर गया था जहां पर पहले से ही घात लगाए बैठे लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे फौजी के गंभीर चोट आई हैं। पुलिस ने फौजी को सी.एच.सी. शिकारपुर में भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया है। पीड़ित की मां कोमल देवी ने बताया है कि हमारी जमीन को लेकर कोर्ट में मामला विचाराधीन है। जिसकी आज तारीख भी थी वहीं पर गांव के ही लोगों ने मेरे पुत्र लेखपाल फौजी पर लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया है। घटना की पुलिस को सूचना दी गई थी।



पुलिस ने फिलहाल मेरे बेटे को मेडिकल कराने के लिए बुलंदशहर भेज दिया है। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया है कि दो पक्षों में जमीनी विवाद हो गया था जिसको लेकर आपस में मारपीट हुई है। जिसमें एक फौजी को चोट आई है उसको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित द्वारा थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** अरनिया क्षेत्र के ऊंचागांव से शुक्रवार को एक पीड़ित परिवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर के कार्यालय पर पहुंचा और मारपीट के मामले में कार्यवाही न करने पर गुहार लगाई गई है, पीड़ित छत्रपाल पुत्र बनवारी लाल निवासी ऊंचा गांव द्वारा बताया गया कि दिनांक 4 फरवरी 2026 को होली वाले दिन छत्रपाल के बुआ के लड़के प्रवीण के साथ आरोपी द्वारा मारपीट की जा रही थी इसके बाद परिवार के सदस्य उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंचे तो मौके पर लगभग आधा दर्जन दबंगों द्वारा पूरे परिवार के साथ लाठी डंडे और धारदार हथियार का प्रयोग कर मारपीट की गई, दबंगों द्वारा किए गए इस हमले में प्रवीण छत्रपाल अमित गौरव शिवा रानी देवी गर्भवती महिला वर्षा पंकज देवेश आदि घायल हो गए, महिला वर्षों द्वारा आरोप लगाया गया कि उसके पेट पर लात और घूस मारे गए हैं, घटना के बाद पीड़ित परिवार अरनिया थाने पहुंचा, और पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई, मामले में दो दिन गुजर जाने के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई है तब पीड़ित परिवार आज एसएसपी ऑफिस पहुंचा और लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है।

# ऊंची सड़क का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** मातृभूमि सेवा संघ ने मोदीनगर की ऊंची सड़क का नाम स्वतंत्रता सेनानी स्व. सूरजपाल आर्य के नाम पर रखने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली को ज्ञापन सौंपा।संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि भूपेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी स्व. सूरजपाल आर्य स्वतंत्रता संग्राम के साहसी सेनानी थे।

जिन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जेल यात्राएं कीं और देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान में इस सड़क का नाम ह्स्वतंत्रता सेनानी स्व. सूरजपाल आर्य मार्गह्व रखा जाना क्षेत्र के लिए गौरव की बात होगी और आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान से प्रेरणा मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को नगर पालिका परिषद की बोर्ड मीटिंग में भेजा जाएगा तथा उसे पारित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा संघ के विकास भारतीय, मोहित सोनी, नीरज शर्मा, पवन चौधरी, सिद्धार्थ ठाकुर, तेजा सिंह, प्रकाश बोहरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# माहेश्वरी समाज का होली मिलन कार्यक्रम, नई कार्यकारिणी का किया गठन

## गौरव माहेश्वरी अध्यक्ष व रामबाबू माहेश्वरी सचिव चुने गए

अनिल वशिष्ठ





**मोदीनगर।** माहेश्वरी समाज बेगमाबाद, मोदीनगर का होली मिलन कार्यक्रम टी आर एम पी बी ए एस इन्टर कालिज मोदीनगर में समपन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज बेगमाबाद मोदीनगर के विभिन्न लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। होली मिलन के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत किये गये। उसके बाद आगामी तीन वर्षो के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष गौरव माहेश्वरी, सचिव रामबाबू माहेश्वरी, उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष ललित माहेश्वरी, संरक्षक विनोद कुमार माहेश्वरी, सह संरक्षक अजय माहेश्वरी, संगठन मंत्री सुरेश माहेश्वरी, आदि विभिन्न पदाधिकारियों को चुना गया। समाज के सभी लोगों द्वारा पिछले सत्र में किये गये सभी कार्यो की सराहना की गई।

# ऋषभ विहार निवासियों द्वारा होली का पावन पर्व धूमधाम से मनाया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** सीकरी कला, ऋषभ विहार निवासियों द्वारा होली का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया। सभी ने एक दूसरे के घर जाकर होली खेली और होली चौक पर कमेटी के अध्यक्ष बबलू त्यागी द्वारा एक दूसरे के गले में राम नाम का पटका पहनाकर कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। सभी ने इकट्ठा हो स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

इस पावन पर्व में प्रदीप त्यागी, अशोक कंसल, नानक चंद त्यागी, प्रदीप त्यागी सोन्दे वाले, नंदकिशोर शर्मा, मोहित चौधरी, राजेंद्र अग्रवाल (वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी) का विशेष योगदान रहा।

# ब्राह्मण महासभा ने यूजीसी के विरोध में ज्ञापन दिया

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** अखिल भारतवर्षीय वर्षीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में यूजीसी के विरोध में सवर्ण समाज ने जिलाधिकारी गाजियाबाद को यूजीसी कानून के बारे में विरोध जताते हुए ज्ञापन दिया। जिसमें अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी डी शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव हुकुमचंद शर्मा व गाजियाबाद जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा जिला महामंत्री लोकेश कौशिक जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा जिला उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा प्रदेश सचिव ललित आत्रे महानगर अध्यक्ष नीरज कौशिक, पूर्वांचल जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी जी,गाजियाबाद जिला उपाध्यक्ष पंडित संजीव शर्मा जी,पंडित संजय शर्मा,पंडित विजेंद्र शर्मा, पंडित मनोज शर्मा जी, पंडित राजपाल शर्मा,पंडित हरेंद्र मिश्रा पंडित कृष्ण तिवारी,पंडित जयप्रकाश अवस्थी,पंडित, के. शर्मा, पंडित प्रेमपाल शर्मा, पंडित पारस कौशिक, पंडित राजकुमार शर्मा,पंडित दिनेश शर्मा, पंडित सुरेश पाराशर, विजेंद्र शर्मा,मनोज शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




सभी ने यूजीसी कानून का विरोध किया। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को जिला अधिकारी गाजियाबाद के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया और सभी ने 8 मार्च को जंतर मंतर पर होने वाले सम्मेलन में शामिल होने का निर्णय लिया।

# नारी शक्ति वूमेन एम्पावर द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** महिलाओं के अधिकारों की आवाज को प्रमुखता से उठाने वाली और महिला सशक्तिकरण की दिशा निरंतर कार्य कर रही संस्था नारी शक्ति वूमेन एम्पावर द्वारा आयोजित होली मिलन के सूक्ष्म कार्यक्रम में गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह रंगों का पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण ही सच्चे अर्थों में समाज को प्रगति की राह पर ले जा सकता है। इस अवसर पर शोभा चौधरी के अलावा राकेश शिशोदिया, प्रियंका चड्ढा, पूनम मलिक, रविकिरण चौधरी, मालिनी शर्मा, उदिशा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# दो दिवसीय खेल महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के खिलाडियों की भागीदारी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में 6 (शुक्रवार) और 7 मार्च (शनिवार) को आयोजित दो दिवसीय 'एसजीयू स्पर्धा वार्षिक खेल महोत्सव की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और जोश के साथ हुई। इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। वार्षिक खेल महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की 80 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिससे प्रतियोगिताएं काफी रोमांचक बन गईं। देश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्र इसमें शामिल हुए। विशेष रूप से बेनेट विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय,



आरकेजीआईटी महाविद्यालय और भारती महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) सहित कई शिक्षण संस्थानों की टीमों ने भाग लेकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, गवर्निंग बॉडी सदस्य राजीव अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और कुलसचिव डॉ. राजीव रतन शामिल थे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी हैं।

# सिलेंडर से वार कर दोस्त की हत्या, ऑटो में शव जलाने वाला तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

गाजियाबाद। ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने सिलेंडर से हमला कर दोस्त की हत्या करने और शव को ऑटो समेत जलाकर साक्ष्य मिटाने के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इससे पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तीनों ने मिलकर 13 जनवरी की रात अपने ही साथी की हत्या की थी। पुलिस के अनुसार, 14 जनवरी को ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के घिटोरा मोड़ स्थित जंगल में एक जले हुए ऑटो के अंदर अज्ञात शव बरामद हुआ था। घटना के दो दिन बाद 16 जनवरी को मिल्क विकास नगर निवासी नितिन ने अपने भाई नवीन की हत्या कर शव और ऑटो को जलाकर नष्ट करने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 17 जनवरी को दो आरोपियों पवन और सागर उर्फ पंडित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि तीसरा आरोपी नसीम निवासी पंचलोक घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पंचलोक गेट के पास से नसीम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपियों ने किसी बातचीत के दौरान ऐसी बात सुन ली थी, जिससे उन्हें शक हो गया कि नवीन किसी तांत्रिक क्रिया के तहत तीनों में से किसी एक की बलि दे सकता है। इसी शक और डर के चलते तीनों ने 13 जनवरी की रात सागर के कमरे में गैस सिलेंडर से नवीन के सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को कंबल में लपेटा और उसी के ऑटो में रखकर घिटोरा मोड़ के पास जंगल में ले गए, जहां ऑटो समेत शव को आग लगाकर सबूत मिटाने की कोशिश की। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नसीम के खिलाफ लोनी थाना और ट्रोनिका सिटी थाने में करीब चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# विवेक कटारिया को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में नियुक्ति होने पर बधाई दी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव पटेल नगर सेकंड निवासी लोकेश कटारिया के सुपुत्र विवेक कटारिया को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक- 845 में नियुक्ति होने पर व पटेल नगर सेकंड निवासी गजेंद्र शर्मा के पुत्र सात्विक शर्मा को 327 रैंक प्राप्त करने दोनों बच्चों को बधाई व आशीर्वाद दिया । बधाई देने वालों में रालोद के प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता अमरजीत सिंह बिट्टी जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी , क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन , जिला महासचिव मुनींद्र बिल्ला , जिला महासचिव दीपू शर्मा , मनोज त्यागी ,देवी राम , सुधीर बाहुबली , शिव त्यागी , राजेश कटारिया , लोकेश कटारिया व गुड्डू हसनपुर , गजेंद्र शर्मा , मौजूद रहे ।



# गाजियाबाद के जिला एमएमजी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर लापरवाही के आरोप








कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के प्रमुख सरकारी अस्पताल जिला एमएमजी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर लापरवाही के आरोप सामने आ रहे हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टर निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते, जिससे इलाज के लिए आने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसके साथ ही डॉक्टरों द्वारा अस्पताल की बजाय बाहर की दवाइयां लिखे जाने का भी आरोप लगाया जा रहा है।

मरीजों के अनुसार अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी का समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तय किया गया है, लेकिन हकीकत में डॉक्टर अक्सर 8:30 से 9:00 बजे के आसपास ही ओपीडी में पहुंचते हैं। इस वजह से सुबह से लाइन में लगे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई मरीजों का कहना है कि समय पर इलाज न मिलने से उनकी स्थिति और खराब हो जाती है।

अस्पताल में इलाज कराने आए एक मरीज ने बताया कि वह सुबह 7:30 बजे से लाइन में लगा हुआ है, लेकिन डॉक्टर के देर से आने के कारण उसे काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। मरीज का कहना है कि सरकारी अस्पताल में लोग इसलिए आते हैं ताकि उन्हें कम खर्च में इलाज और दवाइयां मिल सकें, लेकिन यहां डॉक्टर अक्सर बाहर की दवाइयां लिख देते हैं, जिन्हें खरीदना गरीब मरीजों के लिए मुश्किल हो जाता है।

मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में कई जरूरी दवाइयां उपलब्ध होने के बावजूद डॉक्टर उन्हें बाहर की मेडिकल दुकानों से दवा लेने के लिए कहते हैं। इससे मरीजों को मजबूरी में बाहर से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। लोगों का कहना है कि यदि दवाइयां बाहर से ही खरीदनी पड़ें तो सरकारी अस्पताल में आने का उद्देश्य ही खत्म हो जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों की होती है। ऐसे में डॉक्टरों की लापरवाही सीधे तौर पर मरीजों की सेहत और जेब दोनों पर असर डाल रही है।

स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है कि वह अस्पतालों में डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करे और मरीजों को अस्पताल में ही उपलब्ध दवाइयां दी जाएं। यदि इस तरह की लापरवाही जारी रहती है तो मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से भरोसा उठ सकता है ।अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और अस्पताल की व्यवस्था में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में 'जोश स्पोर्ट्स मीट की धूम, दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम

## खो-खो, थ्रोबॉल और वॉलीबॉल में छात्रों का शानदार प्रदर्शन, दर्शकों ने बढ़ाया हौसला

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में बीपीटी के विभिन्न बैचों के छात्रों के बीच दो दिवसीय अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता 'जोश का आयोजन किया गया। यह स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 5 और 6 मार्च (शुक्रवार) को आईटीएस कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मुख्य मैदान में आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने किया। इस अवसर पर निदेशक जनसंपर्क सुरेन्द्र सूद, आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एम. थंगराज तथा फामेर्सी विभाग के निदेशक डॉ. एस. सदीश कुमार भी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के दौरान इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इनडोर खेलों में शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस और बैडमिंटन शामिल रहे, जबकि आउटडोर खेलों में लड़कियों के लिए थ्रो बॉल और खो-खो तथा लड़कों के लिए वॉलीबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्र पूरे वर्ष इस स्पोर्ट्स मीट का इंतजार करते हैं क्योंकि यह आयोजन न केवल उनके खेल कौशल को निखारता है बल्कि उनकी शारीरिक क्षमता और टीम भावना को भी मजबूत करता है। प्रतियोगिता में छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लेते हुए विभिन्न पदक और पुरस्कार हासिल किए। प्रतियोगिताओं के प्रारंभिक मुकाबले 5 मार्च को आयोजित किए गए, जबकि दूसरे दिन फाइनल मुकाबले कराए गए। खो-खो प्रतियोगिता में बीपीटी आठवें सेमेस्टर की छात्राओं ने जीत हासिल की, जबकि थ्रोबॉल में सातवें सेमेस्टर की छात्राओं ने बाजी मारी। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीपीटी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। खो-खो और क्रिकेट इस पूरे आयोजन के सबसे आकर्षक और बहुप्रतीक्षित मुकाबले रहे, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र मैदान में मौजूद रहे। दर्शकों ने जोरदार हूटिंग और तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन के दौरान स्वयंसेवकों ने खिलाड़ियों की सहायता के लिए कड़ी मेहनत की। साथ ही घायल खिलाड़ियों की देखभाल और उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए विशेष मेडिकल टीम भी तैनात की गई थी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने इस आयोजन के लिए आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया। अर्पित चड्ढा ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ बनाती हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का भी विकास करती हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को निरंतर समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

# रालोद व्यापार प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक, व्यापारियों ने बड़ी संख्या में ली राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** महानगर गाजियाबाद स्थित अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा एक शुक्रवार को संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल और राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार शामिल हुए। गाजियाबाद पहुंचने पर सभी अतिथियों का संगठन के पदाधिकारियों ने बुके और मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने वरिष्ठ उद्योगपति प्रभात गर्ग को व्यापार प्रकोष्ठ का गाजियाबाद जिलाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हर संभव सहयोग करेगा। इस दौरान प्रभात गर्ग के साथ आलोक गोयल, देवेंद्र गर्ग, आयुष गोयल और शिवमोहन अग्रवाल सहित कई व्यापारियों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश कंसल ने भी अपने अनेक साथियों के साथ रालोद की सदस्यता लेते हुए पार्टी की विचारधारा में आस्था जताई। बैठक में अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश के संयोजक एवं मेरठ मंडल प्रभारी इन्द्रजीत सिंह टीटू ने नगर और महानगरों में पार्टी के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की और निर्धारित समय में संगठन को मजबूत करने का लक्ष्य सामने रखा।

उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ, ब्लॉक और वार्ड स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल चौधरी, रामपाल चौधरी, रविन्द्र चौहान, किशन राघव, शेरसिंह मौर्य, तुषार कौशिक और सुनील चौधरी सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के सुझाव दिए। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान, प्रदेश सचिव ओ.डी. त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किशन राघव, संजय बैंसला, अमित त्यागी, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ आर.के., खेल प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, युवा महानगर अध्यक्ष राजू गौतम, तुषार कौशिक, दिनेश शर्मा, शेरसिंह मौर्य, महानगर महासचिव अनीता राजपूत, महानगर उपाध्यक्ष रमन देवी, सुमन अग्रवाल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बड़ी संख्या में नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा में विश्वास जताते हुए राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक, एक की मौत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेव सिटी क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि एक युवती समेत दो लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार पीछे से सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक बाइक पर सवार तीन लोग हापुड़ की ओर से दिल्ली की तरफ जा रहे थे।

जब वे वेव सिटी क्षेत्र के महरौली स्थित 7 स्टार होटल के पास पहुंचे तो सड़क किनारे पहले से खड़े एक ट्रक में उनकी बाइक पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला संयुक्त अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मृतक की पहचान वीरपाल (40) पुत्र रामपाल के रूप में हुई है, जबकि घायल जितेन्द्र (26) पुत्र चन्द्रपाल और शिवानी (24) पुत्री चन्द्रपाल निवासी ग्राम मिर्जा भगतपुर थाना कुडफतेहगढ़, चंदौसी जनपद संभल हैं। घायल दोनों भाई-बहन का जिला संयुक्त अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित 'जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आम लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित अनेक प्रार्थना पत्र और शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार 'जनता दर्शन और जनसुनवाई की प्रक्रिया की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय, उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जन शिकायतें सुनें और इस दौरान ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े रहें, ताकि समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़े अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई असक्षम, अयोग्य, बेरोजगार, पर निर्भर, असहाय या पीड़ित व्यक्ति उनके संपर्क में आता है तो उसकी हरसंभव सहायता की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऐसे लोगों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## यूट्यूबर सलीम वास्तिक को आया होश, आईसीयू में जारी इलाज, हमले के आरोपी दोनों सगे भाई जीशान-गुलफाम पुलिस एनकाउंटर में किए जा चुके हैं ढेर

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाज़ियाबाद के लोनी में यूट्यूबर और टीवी पैनलिस्ट सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के बाद अब उनकी हालत में हल्का सुधार बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए करीब पांच सेकंड के एक वीडियो में सलीम वास्तिक अस्पताल में आंख खोलते हुए और डॉक्टर की आवाज पर प्रतिक्रिया देते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल सलीम वास्तिक का इलाज दिल्ली के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। हालांकि उन्हें होश आ गया है, लेकिन अभी वे बोलने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस और अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, लेकिन स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। आपको बता दे कि कुछ दिन पहले लोनी स्थित अपने कार्यालय में सलीम वास्तिक अकेले बैठे हुए थे। इसी दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर और हेलमेट पहनकर वहां पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि दोनों युवकों ने अचानक सलीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से उनके गले और पेट पर कई वार किए और उन्हें बेरहमी से मौत के घाट उतारने का प्रयास किया।

हालांकि इस दौरान सलीम वास्तिक ने हमलावरों का जमकर विरोध किया। पुलिस का मानना है कि सलीम के प्रतिरोध के कारण हमलावर अपने मंसूबे में पूरी तरह सफल नहीं हो सके और उनकी जान बच सकी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। फुटेज में हमलावरों की बर्बरता साफ दिखाई दी थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि हमले को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी सगे भाई थे, जिनकी पहचान जीशान और गुलफाम के रूप में हुई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की। इसी दौरान लोनी थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सबसे पहले छोटे भाई जीशान को पुलिस ने मार गिराया। इसके बाद इंदिरापुरम इलाके में हुई ,एक अन्य मुठभेड़ में बड़े भाई गुलफाम भी पुलिस की गोली से ढेर हो गया। इस तरह सलीम वास्तिक पर हमले के दोनों आरोपी पुलिस एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की आगे की जांच कर रही है, जबकि बुरी तरह से घायल हुए ,सलीम वास्तिक का इलाज जारी है। उनके होश में आने की खबर के बाद उनके समर्थकों और परिचितों में राहत की भावना देखी जा रही है।

## ईरान-इराक में फंसे लोगों की जानकारी जुटाने के लिए डीएम की अपील

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ईरान-इराक क्षेत्र में चल रहे हालात के बीच वहां फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने वीडियो संदेश जारी कर ऐसे लोगों से अपील की है जो ईरान या इराक में फंसे हुए हैं या जिनके परिजन वहां मौजूद हैं, वे अपनी जानकारी प्रशासन द्वारा जारी किए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराएं। इससे प्रशासन को सही आंकड़े मिल सकेंगे और आवश्यक मदद की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि कई बार विदेशों में अचानक उत्पन्न परिस्थितियों के कारण भारतीय नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रशासन के लिए यह जानना बेहद जरूरी होता है कि जिले या आसपास के क्षेत्रों के कितने लोग वहां मौजूद हैं और उन्हें किस प्रकार की सहायता की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से एक गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, ताकि प्रभावित लोगों की सही जानकारी एकत्र की जा सके। उन्होंने बताया कि इस फॉर्म के माध्यम से ईरान और इराक में फंसे लोगों का नाम, पता, संपर्क नंबर और अन्य आवश्यक विवरण प्राप्त किए जाएंगे। इससे प्रशासन को यह समझने में आसानी होगी कि कितने लोग प्रभावित हैं और उन्हें किस स्तर पर सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। साथ ही यह जानकारी राज्य और केंद्र सरकार तक भी भेजी जा सकेगी, जिससे राहत और सहायता के प्रयासों को गति मिल सके। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके परिवार, रिश्तेदार या परिचित ईरान या इराक में फंसे हुए हैं तो वे तत्काल इस गूगल फॉर्म को भरकर संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके अलावा जिन लोगों तक यह सूचना पहुंच सकती है, वे भी इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी व्यक्ति जानकारी देने से वंचित न रह जाए।

# होली के बाद गाजियाबाद में बढ़ी गर्मी, दोपहर की धूप ने दिखाए तीखे तेवर

### अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** होली का त्योहार बीतते ही गाजियाबाद में मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है और गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बृहस्पतिवार को सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण दिनभर गर्मी का असर महसूस किया गया। दोपहर के समय धूप काफी तेज रही, जिससे लोगों को गर्मी से बचने के उपाय करते हुए देखा गया। मार्च का महीना शुरू होते ही मौसम में बदलाव साफ नजर आने लगा है। अब दिन के साथ-साथ रात में भी सर्दी का असर लगभग खत्म हो चुका है। होली के दिन भी दोपहर के समय लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हुआ था, वहीं बृहस्पतिवार को यह असर और अधिक बढ़ गया। सुबह से निकली चटकीली धूप शाम तक बनी रही, जिससे दोपहर के समय गर्मी ज्यादा महसूस हुई।

मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को शहर का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा अधिकतम 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली और वातावरण में आर्द्रता करीब 43 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक तेज धूप के साथ तापमान में स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन गर्मी का एहसास लगातार बढ़ सकता है। शुक्रवार को भी न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति करीब आठ किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है और वातावरण में आर्द्रता लगभग 37 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम का यही रुख बना रहा तो आने वाले एक सप्ताह के भीतर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे दिन के समय गर्मी और अधिक बढने की संभावना है।

## 8 मार्च को अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा

गाजियाबाद। श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा 8 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह विद्यालय बुलंदशहर जिले के कौंदू क्षेत्र में संचालित किया जाता है, जहां श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ आवासीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र ने बताया कि मंडलीय अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। विद्यालय में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक की पढ़ाई केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत कराई जाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पढऩे वाले छात्रों को छात्रावास की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भोजन, खेलकूद, चिकित्सा सुविधा, यूनिफॉर्म, बेडिंग, किताबें, स्टेशनरी और दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक सामग्री भी निशुल्क प्रदान की जाती है।

## होली के बाद घर से लौटने लगे लोग, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ी भीड़

गाजियाबाद। होली का त्योहार अपने घरों पर परिवार के साथ मनाने के बाद अब लोगों के वापस दिल्ली–एनसीआर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड और पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से आने वाली ट्रेनों से बड़ी संख्या में लोग शहर पहुंचे। त्योहार के बाद दफ्तर और संस्थान खुलने के कारण बड़ी संख्या में लोग वापस अपने कार्यस्थल की ओर लौट रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न लंबी दूरी की ट्रेनों से यात्री लगातार गाजियाबाद स्टेशन पर उतरते रहे। इसके अलावा कई यात्री लोकल ट्रेनों के माध्यम से भी यहां पहुंचे। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के जवान पूरे दिन सतर्क नजर आए। प्रमुख ट्रेनों के स्टेशन पर पहुंचने के दौरान सुरक्षा कर्मियों को ट्रेन के गेट के पास तैनात किया गया था, ताकि यात्रियों की आवाजाही सुचारू रूप से हो सके।

# राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस, मौखिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**वेलकम इंडिया संवाददाता**







**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह दिवस हर वर्ष दंत चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने और लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्थान द्वारा दंत चिकित्सकों की भूमिका और बेहतर मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में रोगियों और छात्रों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि स्वस्थ दांत और मुस्कान बनाए रखने के लिए नियमित रूप से ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना और समय-समय पर दंत परीक्षण कराना बेहद जरूरी है। इन सरल आदतों को अपनाकर लोग लंबे समय तक अपने दांतों को स्वस्थ रख सकते हैं। राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस के अवसर पर संस्थान में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत फैकल्टी सदस्यों को 'प्राउड टू बी डेंटिस्टइ बैज वितरित किए गए। इसके अलावा डॉ. पल्लवी हसीजा द्वारा एलुमनाई लेक्चर आयोजित किया गया, जिसमें दंत चिकित्सा से जुड़े अनुभव और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। फरीदनगर में आयोजित दंत स्वास्थ्य शिविर में मरीजों के साथ माइक्रो इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को दांतों की सही देखभाल और दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए पैम्फलेट डिजाइनिंग और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और समर्थन से कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका।

## डीएम रविन्द्र मॉंदड़ की अपील- 'नेशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं उपभोक्ता

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने शुक्रवार को जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि लोग प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अपने घरों पर सौर पैनल लगवाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें और बिजली की बचत का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी ने बताया कि बिजली उत्पादन के पारंपरिक साधनों जैसे कोयला और तेल के उपयोग से वायु और जल प्रदूषण होता है तथा कोयला खनन के कारण जंगलों की कटाई भी होती है। इसके विपरीत सौर ऊर्जा बिजली उत्पादन का ऐसा माध्यम है, जिससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी होता है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सरकार द्वारा सौर पैनल लगाने पर भारी सब्सिडी प्रदान की जा रही है। एक किलोवाट क्षमता के कनेक्शन में लगभग 65 हजार रुपये की अनुमानित लागत आती है, जिसमें से 45 हजार रुपये की सब्सिडी सरकार देती है। इसी प्रकार दो किलोवाट के कनेक्शन पर लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये की लागत में 90 हजार रुपये की सब्सिडी मिलती है। तीन किलोवाट क्षमता के कनेक्शन में लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये की लागत पर 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। यह सब्सिडी अधिकतम 10 किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन पर उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक उपभोक्ता 'नेशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर' पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पीओ नेड़ा कार्यालय, गाजियाबाद में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही पीएम सूर्य घर योजना गाजियाबाद के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 70653 81846 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।